www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

देशबन्धु

वर्ष – 8 I अंक–195 I सागर, रविवार, 3 सितंबर 2023 I पृष्ठ –8 I मूल्य – 3.00 रुपए

वार्ड पार्षद के विरोध करने पर मुख्यमंत्री पट्टा वितरण कार्यक्रम हुआ निरस्त पृष्ठ 2

▪ स्त्री जीवन की धड़कनों को अभिव्यक्त करती कहानियाँ पृष्ठ 4

▪ अनाधिकृत व्यक्ति के दखल से नाराज भाजपा पार्षदों ने किया बहिष्कार, अकेले मंच पर बैठे नजर आए नपाध्यक्ष पृष्ठ 6

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए अपने-अपने सेक्टरों का निरीक्षण करें: श्री आर्य पृष्ठ 8

सार-समाचार

उपचुनाव में भाजपा व माकपा को समर्थन नहीं : टिपरा मोथा

अगरतला, एजेंसी। त्रिपुरा में मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) से समान दूरी बनाए रखने का फैसला किया है और शनिवार को अपने समर्थकों से पांच सितंबर को सिपाहीजला जिले के धानपुर तथा बॉक्सानगर में होने वाले उपचुनाव में अपने विवेक तथा पसंद के उम्मीदवार के लिए सचेत मतदान करने का आह्वान किया। टिपरा मोथा पार्टी ने इस उपचुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। इसलिए अपने समर्थकों से सोच-समझकर मतदान करने की अपील की है।

आरोपियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा मुकदमा : गहलोत

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान पुलिस द्वारा प्रतापगढ़ जिले में एक महिला को नग्न घुमाने के मामले में आठ आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि इन पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। सीएम ने कहा, सभ्य समाज में ऐसे अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। इन अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे डाला जाएगा और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर सजा दी जाएगी।

कश्मीर में ठगी के आरोप में महिला गिरफ्तार

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को कथित तौर पर पुलिस अधिकारी के रूप में ठगी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया। कुंजेर थाने में एक स्थानीय व्यक्ति वासिफ हसन ने शुक्रवार को शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि बस यात्रा के दौरान एक महिला ने उससे संपर्क किया, जिसने खुद को आशिया बताया और खुद को वर्तमान में कुंजर थाने में तैनात एक उप-निरीक्षक के रूप में पेश किया।

50 करोड़ की कोकीन जब्त

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने शमशाबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से पांच किलोग्राम कोकीन जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने एक यात्री को पांच किलो मादक पदार्थ कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। कोकीन को भूरे रंग के टेप में सावधानी से लपेट कर सूटकेस में छुपाया गया था। जिसकी अनुमानित कीमत 50 करोड़ रुपए आंकी गई है।

बांग्लादेशी नागरिक को एटीएस ने किया गिरफ्तार

नागपुर, एजेंसी। महाराष्ट्र के नागपुर में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक दशक से अधिक समय से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति शुरू में एक बौद्ध भिक्षु था और फिर एक जिम ट्रेनर बना और वह अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को धोखाधड़ी से भारतीय पासपोर्ट प्राप्त करने में मदद करने वाला रैकेट भी चला रहा था। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान पलाश बिपन बरुवा के रूप में हुई, उसे शुक्रवार को आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था।

मणिपुर में लूटे गए हथियार बरामद

इंफाल, एजेंसी। संयुक्त सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम, कांगपोकपी और थौबल जिलों में लूटे गए पांच हथियार, छह अलग-अलग प्रकार के गोला-बारूद और सात शक्तिशाली बम बरामद किए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों में सशस्त्र प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी की सूचना मिली है। हालांकि, इलाके में तैनात सुरक्षा बलों ने जवाब दिया और बाद में गोलीबारी कम हो गई। पुलिस ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। इस बीच, आवश्यक वस्तुओं के साथ इंफाल-जिरीबम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-37) पर 220 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं और वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील हिस्सों में सुरक्षा काफिला उपलब्ध कराया गया है।

सूर्य मिशन : आदित्य-एल 1 का सफल प्रक्षेपण

अब सूर्य की ओर चले हम...

- 15 लाख किमी की यात्रा करने के बाद सूर्य के क्षेत्र में प्रवेश करेगा
- अगले वर्ष पहले सप्ताह में करेगा प्रवेश

श्रीहरिकोटा, एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश के पहले सूर्य मिशन के तहत आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को शनिवार को पृथ्वी की कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। इसरो सूत्रों के मुताबिक 23 घंटे 40 मिनट की उल्टी गिनती समाप्त होने के साथ ही पूर्वाह्न 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के जरिए शार रेंज से प्रक्षेपित आदित्य एल-1 को अब पृथ्वी की निचली कक्ष में स्थापित कर दिया गया है। इसी के साथ ही 125 दिनों की लंबे सफर ■ शेष पृष्ठ 5 पर

महिला वैज्ञानिक निगार शाजी ने मिशन का नेतृत्व किया

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी में महिला शक्ति धीरे-धीरे सामने आ रही है। अंतर-ग्रहीय मिशनों का मातृ शक्ति ना सिर्फ नेतृत्व कर रही हैं, बल्कि, महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रही हैं। मौजूदा समय में निगार शाजी की देश-विदेश में चर्चा ■ शेष पृष्ठ 5 पर

इसरो के वैज्ञानिकों को मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को देश के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च करने पर बधाई एवं शुभकामनांए दी। ■ शेष पृष्ठ 5 पर

चंद्रयान-3 : लैंडर व रोवर को विश्राम देने की प्रक्रिया में इसरो

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख एस सोमनाथ ने शनिवार का कहा कि चंद्रयान-3 मिशन से जुड़ी टीम विक्रम लैंडर और रोवर को विश्राम देने की प्रक्रिया में है। इसरो प्रमुख ने आज भारत के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट आदित्य एल 1 को सफलतापूर्वक पृथ्वी की इच्छित कक्षा में स्थापित किये जाने के बाद श्रीहरिकोटा में इसरो वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा हम दोनों (विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर) को विश्राम देने की प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं। इसरो प्रमुख ने कहा कि लैंडर के भीतर रखकर भेजे गये रोवर ने सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर कदम रखने के बाद 100 मीटर तक चहलकदमी की है। लैंडर को चंद्रमा पर शिवशक्ति बिंदु पर उतारे जाने के बाद इस हिस्से पर अंधेरा होने से पहले कुछ दिनों का काम और बाकी है।

'एक देश, एक चुनाव' के लिए कमेटी गठित

पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित समिति में शाह और चौधरी समेत 8 सदस्य शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने पूरे देश में पंचायतों, नगर निकायों और राज्य विधानसभाओं से लेकर लोकसभा तक चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं की जांच और उस पर सिफारिश के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के अध्यक्षता में शनिवार को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की।

समिति में अध्यक्ष श्री कोविंद के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्य सभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, पंद्रहवें वित्त आयोग के चेयरमैन एन के सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल किए गए हैं। यह समिति इस संबंध में संविधान और अन्य संबंधित अधिनियमों और नियमों में संशोधन की सिफारिश करेगी। विधि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल समिति की बैठकों में विशेष ■ शेष पृष्ठ 5 पर

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को झटका

रघुवंशी, शेखावत, बुंदेला सहित कई प्रमुख नेता कांग्रेस में शामिल

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के एक विधायक और एक पूर्व विधायक वर्तमान समेत कई प्रमुख नेता आज कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ व प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की मौजूदगी में राज्य के अलग-अलग हिस्सों से 9 प्रमुख नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

खास बात यह है कि कोलारस के भाजपा विधायक वीरेंद्र रघुवंशी और भाजपा के पूर्व विधायक भंवर सिंह शेखावत ने भाजपा छोड़ने की वजह केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों को बढ़ता महत्व बताया है। यह दोनों नेता सिंधिया और समर्थकों के खिलाफ काफी मुखर रहे हैं। इन्होंने अपनी उपेक्षा के साथ ही यह भी आरोप लगाया कि पार्टी में सिंधिया व उनके समर्थकों के प्रवेश के बाद मूल भाजपाईयों की उपेक्षा हो रही है। सिंधिया समर्थक मंत्री भेदभाव और भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

श्री रघुवंशी और शेखावत के अलावा 2 बार झांसी से सांसद रहे सुजान सिंह बुंदेला के पुत्र चन्द्रभूषण सिंह बुंदेला उर्फ गुड्डू राजा (सागर), छेदीलाल पांडेय (कटनी), अरविंद धाकड़ (शिवपुरी), सुश्री अंशु रघुवंशी (गुना), डॉ. केशव यादव (भिण्ड), महेन्द्र प्रताप सिंह (नर्मदापुरम) और पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता के भांजे आशीष अग्रवाल गोलू ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

जनता भाजपा को विदा करेगी : कमलनाथ

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक समारोह में इन नेताओं के पार्टी प्रवेश पर स्वागत करते हुए कमलनाथ ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार व्याप्त है। आज हर व्यक्ति भ्रष्टाचार का शिकार या उसका गवाह है। कमलनाथ ने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रदेश के भविष्य का चुनाव है, जनता भाजपा सरकार को विदा करेगी।

सुरजेवाला बोले-

पहले 13 मंत्री हारे थे, अब 31 हारेंगे

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि पिछली बार विधानसभा चुनाव में भाजपा के 13 मंत्री हारे थे। इस बार इसका उल्टा होगा और मध्य प्रदेश की इस कमीशन वाली सरकार के 31 मंत्री चुनाव हारेंगे। सुरजेवाला ने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन और भ्रष्टाचार इस सरकार का मुख्य धंधा है। जिस सरकार में दलित आदिवासी और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, उन्हें चुल्लूभर पानी में डूब मरना चाहिए। भोपाल राजधानी है और यहां हर दिन एक महिला से बलात्कार क्यों हो रहा है।

अब सारी घोषणाएं आचार संहिता के बाद करेंगे

सुरजेवाला ने कहा कि कमलनाथ जी के पिटारे में अभी बहुत माल है, वहीं एमपी में एक धोखेबाज सत्ता में है वो कमलनाथ जी की घोषणाओं को नकल कर रहा है। सुरजेवाला ने कहा कि कमलनाथ जी आपसे अनुरोध करता हूं कि आप आज कोई घोषणा न करें अब सारी घोषणाएं आचार संहिता के बाद करेंगे।

मुख्यमंत्री ने अतिथि शिक्षक पंचायत में की कई घोषणाएं

अतिथि शिक्षकों का मानदेय दोगुना होगा, शिक्षक भर्ती में मिलेगा 50 प्रतिशत आरक्षण

भोपाल, देशबन्धु। अतिथि शिक्षकों का मानदेय दोगुना होगा,जिसके तहत अब अतिथि शिक्षकों के साथ अनुबंध पूरे शैक्षणिक सत्र के लिए किया जाएगा। अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की योजना भी बनाई जाएगी, वहीं शिक्षक भर्ती में अतिथि शिक्षकों का आरक्षण भी दोगुना कर दिया गया है। अब 25 प्रतिशत की जगह 50 प्रतिशत आरक्षण किया जाएगा। यह घोषणाएं शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाल परेड मैदान पर आयोजित अतिथि शिक्षक पंचायत में की। कार्यक्रम के दौरान स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि जब नियमित शिक्षक नहीं थे तब अतिथि शिक्षक के रूप में आपको पढ़ाने का दायित्व सौंपा गया। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि अतिथि शिक्षकों ने पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वाह किया। श्री चौहान ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार अतिथि शिक्षकों को प्रतिवर्ष 4 और अधिकतम 20 अंक बोनस के रूप में प्रदान किए जाएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अतिथि शिक्षकों को माह की निश्चित तिथि को मानदेय की राशि प्राप्त हो। साथ ही पात्रता परीक्षा लेकर अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की दिशा में योजना बनाई जाएगी। प्रदेश में वर्ग-1 में 15,920, वर्ग-2 में 38,294 तथा वर्ग-3 में 13,695 में कुल 67910 अतिथि शिक्षक है।

5 की जगह 10 और 9 के स्थान पर 18 हजार मिलेंगे

अतिथि शिक्षकों को अलग-अलग कालखण्डों के हिसाब से दिया जा रहा मानदेय अब मासिक किया जा रहा है। जिसके बाद अतिथि शिक्षक वर्ग-1 को अधिकतम 9 हजार रुपए के स्थान पर 18 हजार रुपए, अतिथि शिक्षक वर्ग-2 को अधिकतम 7 हजार रुपए के स्थान पर 14 हजार रुपए एवं अतिथि शिक्षक वर्ग-3 को अधिकतम 5 हजार रुपए के स्थान पर 10 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

66 नगर पालिकाओं में स्थाई रसोई केन्द्रों का शुभारंभ

दीनदयाल रसोई की थाली अब 5 रुपए में मिलेगी

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत अब 10 रुपए के स्थान पर 5 रुपए की थाली उपलब्ध कराई जाएगी। मजदूरों को कार्य-स्थल के पास ही किफायती दर पर भोजन उपलब्ध करने के लिए नगरीय क्षेत्रों में शीघ्र ही चलित रसोइयां शुरू की जाएगीं। सभी नगरीय निकायों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। प्रदेश की जिन 90 नगर पंचायतों की आबादी 20 हजार से अधिक है, वहां भी दीनदयाल रसोई योजना आरंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री ने

कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ कर प्रदेश की 66 नगरपालिकाओं में स्थाई रसोई केन्द्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया। ■ शेष पृष्ठ 5 पर

भोपाल में हो सकती है 'इंडिया' की अगली बैठक!

• विंध्यवासिनी त्रिपाठी

नई दिल्ली, देशबन्धु। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की चौथी बैठक मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित की जा सकती है। मध्य प्रदेश में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में गठबंधन के सदस्य दिल्ली के बजाय मध्य प्रदेश में अगली बैठक करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि कल एनसीपी की नेता सुप्रिया सुले ने अगली बैठक दिल्ली में होने की बात कही थी। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में भाजपा तकरीबन दो दशक से सत्ता में है। ऐसे में वहां बैठक कर विपक्ष एक राजनीतिक संदेश भी जनता के बीच देना चाहता है। इसलिए सदस्य दल इस बैठक को मध्य प्रदेश में कराने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

ज्यादातर सदस्य दे चुके हैं सहमति

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,ज्यादातर सदस्य इस पर सहमत हो चुके हैं कि इंडिया की अगली बैठक मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कराई जाए। इंडिया की पहली बैठक बिहार की राजधानी पटना व दूसरी बैठक कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू और तीसरी बैठक बीते 31 अगस्त व 1 सितम्बर को मुंबई में आयोजित की गई थी। जिसकी मेजबानी महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने की थी। इस बैठक में एनडीए के खिलाफ 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन दलों के सदस्यों ने मिलकर चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया था।

बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल एकजुट हैं। जबकि दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी नेता ने आरोप लगाया कि शक्तिशाली लोग गठबंधन तोड़ने की कोशिश में हैं। उनका इशारा भाजपा द्वारा ईडी व सीबीआई के कथित दुरुपयोग को लेकर था।

सीट शेयरिंग को लेकर कोई समस्या नहीं है

पटना, एजेंसी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई समस्या नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दो अक्तूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश में हम लोग कार्यक्रम करेंगे और एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मुंबई में इंडिया गठबंधन की खूब अच्छी मीटिंग हुई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी पार्टी के नेताओं ने अच्छे तरीके से अपनी-अपनी बातें रखीं। हम सब एकजुट होकर आगे काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग आपस में चुनाव लड़ने को लेकर कल ही तय कर चुके हैं। 'इंडिया' गठबंधन में सीट शेयरिंग के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें कोई समस्या नहीं है। मुंबई बैठक में आपस में हम लोगों की पूरी बात हो चुकी है। अब इंटरनली बहुत जल्दी सबकुछ तय करके बताया जाएगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हम लोग इसी महीने सबकुछ तय कर लेंगे।

महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर पूरे देश में कार्यक्रम करेंगे

जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर तैयारी

दिल्ली पुलिस ने की फुल ड्रेस रिहर्सल

नई दिल्ली, देशबन्धु। दिल्ली पुलिस ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर शनिवार को पूरी वर्दी में अभ्यास किया और इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों से आए कार के काफिलों को सुरक्षा प्रदान करते हुए अन्य स्थानों तक पहुंचाया गया।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह अभ्यास सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक, अपराह्न साढ़े चार बजे से शाम छह बजे तक और शाम सात बजे से रात 11 बजे तक हुआ। अभ्यास के दौरान कुछ इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ, इसलिए लोगों को मेट्रो सेवा का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, कार के काफिलों को विभिन्न जगहों पर सुरक्षित पहुंचाने के अभ्यास के दौरान सरदार पटेल मार्ग-पंचशील मार्ग, सरदार पटेल मार्ग-कौटिल्य मार्ग, गोल मेथी गोलचक्कर, मानसिंह रोड गोल चक्कर, सी-हेक्सागन, मथुरा रोड, जाकिर हुसैन मार्ग-सुब्रमण्यम भारती मार्ग, भैरों मार्ग-रिंग रोड, सत्य मार्ग शांतिपथ गोलचक्कर, जनपथ-कर्तव्य पथ, बाराखंबा रोड रेड लाइट, टॉल्स्टॉय मार्ग और विवेकानंद मार्ग आदि पर यातायात प्रभावित रहा।

एक सूचना जारी कर पुलिस ने पहले ही कहा था कि कि लोगों को इन मार्गों पर सामान्य से अधिक यातायात मिल सकता है, इसलिए उन्हें यात्रा की पहले से विस्तृत योजना बनाने और निर्दिष्ट समय में इन मार्गों का इस्तेमाल करने से बचने की सलाह दी जाती है।

सार-समाचार

महिला शहर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

सागर, देशबन्धु। सागर में भाजपा नेता की अवैध रूप से 24 घंटे संचालित केंटीन पर असहाय महिला के साथ मासूम बच्चे के लिए दूध मांगने पर भाजपा नेताओं द्वारा की गई मारपीट की घटना को लेकर शनिवार को महिला शहर कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया पर प्रशासनिक तंत्र की असंवेदनशीलता का यह आलम रहा कि महिला कांग्रेस को बड़े इतंजार के बाद कलेक्ट्रेट स्थित कल्पवृक्ष के नीचे मंदिर में अपना ज्ञापन देना पड़ा। जबरदस्त नारेबाजी के बाद प्रशासनिक अधिकारी ने आकर ज्ञापन लिया। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष महजबींन अली ने कहा कि भाजपा सरकार पूर्णत: महिलाओं की सुरक्षा के प्रति असंवेदनशील है, इसलिये मुख्यमंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिये। महिलाओ को सुरक्षा नही मात्र गुमराह करके खोखले वादे किये जा रहे है, ऐसे मे हम सभी महिलाओ का आग्रह है की आप अपने पद से त्यागपत्र दे। ज्ञापन देने वालों में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, भावना रोहण, रजनी ठाकुर, रिचा सिंह, नीलोफर अंसारी, रोशनी खान आदि उपस्थित रहे।

एलआईसी का स्थापना दिवस मनाया गया

बीना, देशबन्धु। भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा बीना में एलआईसी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निगम गीत से हुई और संस्था के प्रति शपथ ग्रहण हुआ। टीम के अभिकर्ताओं का उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरुस्कार वितरण और सम्मान किया। विकास अधिकारी संजय यादव, एबीएम विजय मीना, प्रशानिक अधिकारी गोविंद तिवारी, सुरेंद्र यादव ने अभिकर्ताओं को प्रोडक्ट ज्ञान और बीमा विक्रय का प्रशिक्षण दिया। संजय यादव ने कहा कि एलआईसी एजेंसी विश्व का सबसे संतोषजनक और लाभप्रद व्यवसाय हैं और यह राष्ट्र सेवा है। कार्यक्रम में 70 से अधिक अभिकर्ताओं ने भाग लिया, अभिकर्ताओं का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रुचिता हलधर थी।

67वीं शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में टेबिल टेनिस के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

बीना, देशबन्धु। संभाग स्तरीय 67 वीं शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने एक बार फिर जीत हासिल कर बीना नगर का नाम गौरवान्वित किया है। यह खिलाड़ी अब इंदौर में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगें। कोच अजय राजपूत ने बताया कि बीना से बालिका वर्ग 14 में आराध्या राजपूत विजेता रही और उपविजेता गरिमा व्यास रही। इसी तरह अंडर 14 में पार्थ राजपूत, राजुल नायक का चयन पांच की संभाग स्तरीय टीम में चयन हुआ है। अंडर.19 में पुष्कर साहू ने दमोह व छतरपुर के खिलाड़ियों ने 2.0 देकर संभागीय टीम में जगह बनाई। अब यह खिलाड़ी 14 सितंबर को इंदौर में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में अपने हुनर का जलवा बिखेरेंगे। राजुल नायक ने बताया कि खिलाड़ी प्रतिदिन स्कूल से लौटकर आने के बाद शाम को रोजाना ढाई से तीन घंटे तक अभ्यास करते हैं। कोलकाता में स्पोर्ट अथॉरिटी आफ इंडिया के कोच रहे अजय राजपूत के निर्देशन में खिलाड़ी लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। आराध्या राजपूत स्टेट चैंपियन है, कई प्रतियोगिताओं में नगर का नाम रोशन कर चुकी हैं।

शतरंज प्रशिक्षण एवं खेल का शुभारंभ आज

सागर, देशबन्धु। रोटरी क्लब सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प के द्वारा शतरंज प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ आज रविवार को सुबह 10 बजे कांची रेस्टोरेंट में किया जा रहा है। जिसमें हर रविवार को सुबह 10 से 11 बजे नि:शुल्क शतरंज खेल खेला जायेगा और प्रशिक्षण आरसीसी बहेरिया के अध्यक्ष फिडे ऑर्बिटर, इंजी. अंकुर सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम के द्वारा दिया जायेगा।

वार्ड पार्षद के विरोध करने पर पट्टा वितरण कार्यक्रम हुआ निरस्त

वार्ड पार्षद को नहीं दी गई थी मुख्यमंत्री पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजन की जानकारी, जिससे नाराज होकर झुनकू वार्ड के पार्षद ने सामुदायिक भवन में डाला ताला और जताया विरोध

देवरीकलां, देशबन्धु। देवरी नगर पालिका में लगातार निर्वाचन के समय के बाद से ही नगरपालिका परिषद में लगातार विवादित स्थिति बनी हुई है जहां नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव में दो गुटो में वोटिंग हुई थी निर्वाचित अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन को पार्षदों के 8 मत प्राप्त हुये थे वहीं दूसरे दावेदार संरिता संदीप जैन के गुट को 7 मत प्राप्त हुए थे इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश बने थे तब से निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष के समर्थित आठ वार्ड में विकास कार्य चल रहे हैं साफ सफाई सुचारू रूप से हो रही है और वहीं दूसरी ओर हारने वाले संरिता संदीप जैन के गुट के सात पार्षदों के वार्ड में किसी भी प्रकार के विकास कार्य नहीं किया जा रहे हैं ना ही नालियां साफ हो रही हैं और ना ही झाड़ू लगाई जा रही है ना ही किसी प्रकार के निर्माण कार्य किया जा रहे हैं यहां तक की प्रधानमंत्री आवास योजना आवास की किस्ते हितग्राहियों के खातों में दूसरी तीसरी तक नहीं डाली जा रही उन्ही कारणों के चलते आज झुनकू वार्ड स्थित सामुदायिक भवन रेन बसेरा में मुख्यमंत्री पट्टा वितरण योजना के तहत पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था परंतु स्थानीय पार्षद भारतेंदु मोंटू राजपूत द्वारा विरोध करने के बाद वार्ड वासियों की उपस्थिति में भारी विरोध प्रदर्शन किया गया जिसको देखकर मौके पर नायब तहसीलदार एवं अन्य प्रतिनिधि पहुंचे, विरोध के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष नईमुद्दीन खान, गांधी वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संदीप जैन बबलू सिनेमा, सुखचैन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि

उमेश पालिया, खंण्डेराव पार्षद प्रतिनिधि दामोदर लोधी मौका स्थल पर पहुंचे और वार्ड वासियों की बात सुनी झुनकू वार्ड पार्षद मोटू सिंह राजपूत ने आरोप लगाये हुये बताया कि मेरे वार्ड में नगर पालिका परिषद द्वारा किसी भी प्रकार के विकास कार्य निर्माण कार्य नालियों की साफ सफाई एवं सड़कों पर झाड़ू नही लगाते जाती मेरे झुनकू वार्ड में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा मेरे साथ विकास कार्यों को लेकर लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है वहीं देवरी नगर पालिका की उप यंत्री मोहिनी साहू से किसी भी विषय पर चर्चा करना चाहता हूं तो उनके द्वारा फोन कभी भी नहीं उठाया जाता है मेरे वार्ड के सभी वार्ड वासी काफी परेशान है और ना ही मुझे किसी भी कार्यक्रम की नगर पालिका परिषद द्वारा सूचना दी जाती है जबकि आज मेरे वार्ड में मुख्यमंत्री पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन में किया जाना था जब मुझे इसकी जानकारी लगी तो वार्ड लोगों के साथ मैंने सामुदायिक भवन में ताला डाल दिया और नगर पालिका परिषद एवं अध्यक्ष के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

इस पूरे मामले में भाजपा के किसान मोर्चा जिला महामंत्री गांधी वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संदीप जैन ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार जब से निर्वाचित हुये है तभी से ही मेरे सात पार्षदों के साथ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा लगातार भेदभाव और सौतेला व्यवहार किया जा रहा है ना ही सात वार्डों में साफ सफाई नाली निर्माण और विकास कार्य किया जा रहे हैं जबकि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष समर्थक पार्षदों के वार्ड में भारी विकास किया जा रहे हैं और हम सभी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है नगर पालिका परिषद के कर्मचारी हम सभी पार्षदो की कोई बात सुनते हैं जिसकी में निंदा करता हूं।

मुख्यमंत्री आवास पट्टा योजना में 217 हितग्रहियों को मिला पट्टा योजना का लाभ

अपात्रों को सूची से बाहर करने और पात्रों को पट्टा दिलाए जाने दिया ज्ञापन

शाहगढ़, देशबन्धु। नगर पालिका द्वारा कई वार्डों में मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ व शासकीय पट्टे नहीं दिए जाने के संबंध में हितग्राहियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार जीसी राय को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जरूरतमंदों को मुख्यमंत्री आवास पट्टा योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए अभी भी 850 से अधिक स्वीकृत आवेदन लंबित हैं, हाल ही में मुख्यमंत्री आवास पट्टा योजना का सर्वे किया गया जिसमें मात्र 217 हितग्राहियों को पट्टा योजना का लाभ दिया गया जिसमें आधे से ज्यादा अपात्र है। पार्षद प्रतिनिधि नितिन खटीक ने बताया कि जारी की गई पट्टा योजना की सूची में वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष के परिजनों के नाम सबसे ज्यादा पात्रता की सूची में शामिल है जबकि वे सभी अपात्र है, इसके अलावा पार्षद पुत्र जगत यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि तीन मंजिला मकान है, अमीर है और जो किसी पार्टी विशेष से जुड़े हुए हैं ऐसे अपात्रों को भी इस योजना में शामिल कर पट्टा योजना का

लाभ दिया गया है, और जो पात्र है उन हितग्राहियों को सूची से बाहर कर दिया गया है। वास्तव में इसमें से अधिकतर आवेदन गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वालों के हैं तो हरिजन आदिवासी बहुल वार्डो में शासकीय भूमी पर झोपड़ी बनाकर निवास कर रहें हैं, शासन की आवास योजना का लाभ इन लाभार्थियों को मिलना चाहिए। जबकि शाहगढ़ के कई वार्डों में शासकीय जमीन या अन्य जमीन पर निवासरत हैं, जो कच्चे मकान में रह रहे हैं। उनके पास किसी भी प्रकार का पट्टा नहीं हैं और न हि उन्हें शासकीय योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे लोगों को पट्टे दिए जाए उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ भी मिल सके, शनिवार को सैकड़ों लोगों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर और शाहगढ़ सीएमओ को ज्ञापन देकर कार्रवाई करने और पात्रों को योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में गिरजाशंकर वकील, सीताराम अहिरवार, दुर्गेश पटेल, राजाराम बसौर, हर्बल राय, दुर्गा बाई, हरिओम प्रजापति, मूलचंद रजक आदि बड़ी संख्या में महिला पुरुष आदि शामिल थे।

हर गरीब को मिलेगा 5 रुपए में भर पेट खाना

गढाकोटा, देशबन्धु। नगर भवन बस स्टैंड नगरपालिका की ओर से पं. दीनदयाल रसोई योजना का भी शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश लहरिया ने फीता काटकर किया। लहरिया ने कहा कि यह सब पं गोपाल भार्गव के द्वारा किया गया जहां पर हर गरीब निर्धन परिवार के सदस्यों को 5 रुपए प्रति थाली के मान से भोजन दिया जाएगा। नगर पालिका के भवन में इसका शुभारंभ हुआ। योजना के तहत गरीब व निर्धन वर्ग के लोग यहां पांच रुपए में भरपेट भोजन कर सकेंगे। सभी नगरवासियों अध्यक्ष

प्रतिनिधि ने शुभकामनाएं दी और बताया कि नगरपालिका परिषद क्षेत्र मे नया आयाम लिखने जा रही है प्रत्येक क्षेत्र के मामले मे नगरपालिका विकास की ओर अग्रसर है दीनदयाल रसोई योजना से प्रत्येक व्यक्ति को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर नगर पालिका उपाध्यक्ष हरिनारायण पटेल, पूर्व अध्यक्ष भरत चौरसिया, अंत्योदय समिति के अध्यक्ष राजेश यादव, पार्षद, नगर एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

दीनदयाल रसोई योजना का शुभारंभ पांच रुपये में मिलेगा भरपेट भोजन

मालथौन, देशबन्धु। नगर मालथौन में दीनदयाल रसोई योजना का मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ठाकुर ने फीता काटकर एवं कन्यापूजन कर शुभारंभ किया। शुभारंभ के अवसर में मंत्री प्रतिनिधि एवं नगर परिषद अध्यक्ष जयंत सिंह बुन्देला ने आम नागरिकों के साथ बैठकर भोजन किया। दीनदयाल रसोई पुरानी अस्पताल के भवन में संचालित की गई हैं जहां अब गरीब असहाय लोगो को पांच रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। रसोई के शुभारंभ से लोगो में उत्साह नजर आया पहले दिन ही भोजन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुचे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की राजधानी में आयोजित तीसरे चरण अंतर्गत 66 नगरीय निकायों में दीनदयाल रसोई योजना का शुभारंभ किया तथा आवासीय निशुल्क भूमि पट्टा वितरण किए। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया। वहीं मुख्यमंत्री एवं मंत्री भूपेन्द्र सिंह का संबोधन को लोगो ने लाइव सुना। कार्यक्रम में रामकुमार बघेल, पुष्पेंद्रसिंह तोमर, नीलकमल सिंह राजपूत, बलवीर सिंह राजपूत, सिरनाम सिंह तोमर, गोविंद सिंह, प्रेमसिंह, उपयंत्री अभय राजगीर, उपयंत्री आकाश उदैनिया, नपकर्मी सहित पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।

ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने राजनीतिक पार्टी के जनप्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, रामेश्वर नामदेव, शिवशंकर तिवारी सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने प्रतिनिधियों को वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान ईवीएम मशीन, वीवीपेट एवं कंट्रोल यूनिट मशीनों का निरीक्षण कराया।

सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पहले दिन निकली घटयात्रा, आज शिक्षक सम्मेलन

शाहगढ़, देशबन्धु। मुनिश्री विरंजन सागर के ससंघ सानिध्य में श्री सिद्धचक्रमहामंडल विधान का आयोजन पंचायती त्रिमूर्ति जिनालय में किया जा रहा है। पुण्यार्जक राजेश अदावन सतभैया परिवार द्वारा सकल दिगंबर जैन समाज के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जहां सिद्धचक्र महामंडल विधान के पहले दिन शनिवार को घटयात्रा निकाली गई, सभी जिनालयों के पधाधिकारियो द्वारा ध्वजारोहरण किया गया। बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों के द्वारा सुबह से श्रीजी का अभिषेक, पूजन किया। वहीं सिद्ध भगवान की आराधना करते हुए अर्घ चढ़ाए गए। चतुर्मास समिति के मीडिया प्रभारी प्रकाश अदावन ने बताया कि मुनिश्री

विरंजन सागर के सानिध्य में रविवार को बड़ा मंदिर परिसर से शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें बुंदेलखंड से करीब पांच सौ से अधिक शिक्षकों ने उपस्थिति होने की स्वीकृति दी। कार्यक्रम के दौरान मुनिश्री के द्वारा प्रवचन के माध्यम से भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सिद्ध भगवान की आराधना करने का पर्व ही सिद्धचक्र महामंडल विधान है। इस विधान के निमित्त से अनेक कार्य आसानी के साथ हो जाते हैं, सिद्ध भगवान की आराधना के दौरान हम हर दिन ही पूजन अभिषेक करेंगे। तो वही विविध आयोजनों के माध्यम से जैन धर्म के मर्म को भी समझेंगे। मुनि श्री ने सभी को धर्म से जुड़कर कार्य करने की सीख भी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी रही।

मकरोनिया में दीनदयाल रसोई का शुभारंभ

मकरोनिया, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा दीनदयाल रसोई योजना तृतीय चरण का शुभारंभ एवं 38505 आवासहीनो को पट्टो का वितरण मुख्यमंत्री के द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में आयोजित किया गया जिसका लाइव प्रसारण नगर पालिका मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत रजाखेड़ी बजरिया में दिखाया गया। एवं रजाखेडी में स्थित छेदीलाल भवन में भी दीनदयाल रसोई योजना का शुभारंभ विधायक प्रदीप लारिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार के द्वारा किया गया जहां पर हर गरीब को 5 रुपए में भोजन मिलेगा। विधायक ने सभी क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी और बताया दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अब भूखा नहीं सोएगा सभी व्यक्तियों तक इस योजना का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर बलवंत सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, राजा रिछारिया, रीता कैलासिया, नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं नगर के क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

पटवारी के हड़ताल पर जाने से किसानों के काम रुके

देवरीकलां, देशबन्धु। मप्र पटवारी संघ के आव्हान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसील के सभी पटवारी पांच दिन पूर्व दिनांक 28 अगस्त से बस्ता जमा कर काम बंद करके अनिश्चिततकालीन हड़ताल पर चले गए हैं पटवारी की हड़ताल छठवे दिन भी जारी रही पटवारी संघ के अध्यक्ष शिवशंकर लोधी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय प्रांगण के देवी मंदिर में छठवे दिन भी धरने पर रहे। पटवारी संघ अध्यक्ष शिवशंकर लोधी ने बताया कि पटवारियों की मुख्य मांग 2800 ग्रैड पे है। शासन द्वारा विगत 25 वर्षों से पटवारी संवर्ग का ग्रैड पे नहीं बढ़ाया गया है। जबकि सभी कर्मचारियो के वेतनमान में बढ़ोततरी की गई है, पटवारी के हड़ताल के कारण राजस्व विभाग से संबंधित सभी काम प्रभावित हो रहें हैं खास बात ये है कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है वहीं जाति प्रमाण पत्र के लिए लोग परेशान हो रहे हैं और जिन मामलो में पटवारी प्रतिवेदन आवश्यक है वह भी नहीं लग पा रहे हैं पटवारी द्वारा मांगे पूर्ण होने के बाद ही हड़ताल खत्म करने की बात की जा रही है। पूरे मप्र से 19000 से अधिक पटवारी हड़ताल पर गए हैं। जिससे राजस्व संबंधी समस्त कार्य ठप्प हो गए है। तहसील देवरी में पटवारी संघ के अध्यक्ष शिवशंकर लोधी, उमाकांत दीक्षित, रसीद खान, मानसींग ठाकुर, नीलेश आठया, दुर्गेश, अतुल सेन, रवि मेहरा, दयाशंकर दुबे, भगवत लोधी, निर्मेश कोरी व तहसील के सभी पटवारी हड़ताल में शामिल रहे।

15 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

बीना, देशबन्धु। 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट निर्मल मंडोरिया की कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की सजा के साथ 5 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। विशेष लोक अभियोजक श्याम सुंदर गुप्ता ने बताया कि बीना शहर के एक वार्ड में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी, जो 22 अगस्त 2019 को अपने घर से कोचिंग जाने की बात कहकर निकली थी। काफी देर तक वह अपने घर वापिस नहीं लौटी, तो परिजनों ने कोचिंग, शहर सहित रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश किया। लेकिन कहीं पर भी किशोरी का कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया था। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने 25 सितंबर 2019 को किशोरी को मथुरा उत्तर प्रदेश से पकड़ लिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि आरोपी उसे शादी का झांसा देकर मथुरा ले गया था। जहां उसके साथ पति पत्नी की तरह शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने संपूर्ण विवेचना के पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। करीब साढ़े तीन साल तक मामले की विवेचना चली। विशेष लोक अभियोजक श्यामसुंदर गुप्ता ने बताया कि किशोरी की मुलाकात आरोपी से पुरानी थी। आरोपी किशोरी के ही स्कूल में पढ़ता था। विशेष लोक अभियोजक श्यामसुंदर गुप्ता ने न्यायालय में किए प्रस्तुत किए गए साक्ष्य और तर्क से सहमत होकर 24 वर्षीय आरोपी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट निर्मल मंडोरिया ने पॉक्सो एक्ट की धारा में 20 वर्ष के कारावास व 5 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा पीड़िता का पुनर्वास हेतु एक लाख रुपए का प्रतिकर दिए जाने के आदेश भी प्रदान किए गए।

आज बांदरी में फ्री वाई फाई सेवा व तहसील भवन का भूमिपूजन करेंगे मंत्री भूपेंद्र सिंह

सागर, देशबन्धु। मंत्री भूपेंद्र सिंह आज बांदरी में आयोजित समारोह में बांदरी क्षेत्र को तीन बड़ी सौगातें देंगे। इनमें बांदरी में फ्री वाई फाई सेवा का शुभारंभ और 9.16 करोड़ की लागत से बन रहे संयुक्त तहसील भवन व तहसील अधिकारियों के आवास निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम शामिल है। बांदरी के रानी अवंतीबाई लोधी बस स्टैंड परिसर में प्रात: 10.30 बजे आयोजित समारोह में बांदरी नगर परिषद के आवासहीनों को भूस्वामित्व अधिकार सहित पट्टा वितरण भी करेंगे।

4 फरार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बंडा, देशबन्धु। 17 अगस्त 2023 को ग्राम हनोता पटुकुई मौजा में राहुल सोनी पिता प्रकाश सोनी उम्र 35 साल निवासी बाघराज वार्ड मोतीनगर की आरोपियो चरन सिंह दांगी, अमित सिंह ठाकुर, दशरथ उर्फ डेनी रतीराम पटेल व एक महिला एवं अन्य द्वारा एक राय होकर लाठी डण्डा से मारपीट कर हत्या जैसी गंभीर घटना घटित कर फरार हो गये थे कि फरियादी अभिषेक रैकवार पिता अन्नदीलाल रैकवार उम्र 32 साल निवासी बाघराज मोतीनगर की रिपोर्ट पर थाना बंडा में आरोपियो के विरुद्ध अप. क्रमांक 621/23 धारा 147, 148, 149, 323, 302 ताहि का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। उक्त प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये आरोपियो की शीघ्र तलाश पतारसी कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा निर्देशित किया गया था जिस पर डॉ. संजीव कुमार उइके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिखा सोनी, एसडीओपी बण्डा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपियो की तलाश पतारसी हेतु हर संभव प्रयास किये गये, पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 2000 रुपए का इनाम उदघोषित भी किया गया था। पूर्व में प्रकरण के 2 आरोपियो को गिरफतार कर जेल भेजा जा चुका है, 2 सितम्बर 2023 को ग्राम सौरई फेक्टरी के पास शेष आरोपियो के लुके छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर तस्दीक कर मौके से आरोपी चरन सिंह दांगी पिता इमरत सिंह दांगी, अमित उर्फ बटटू सिंह पिता स्व. इन्दर सिंह, एक महिला व एक विधि उल्लंघन कर्ता बालक को दस्तयाब कर पूछतांछ कर घटना में प्रयुक्त आलाजरव लाठी, कुल्हाडी डण्डा जप्त किये, गिरफ्तार कर न्यायालय बंडा पेश किया गया है। जहां उन्हें जेल भेजा दिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नसीर फारुकी, अरविन्द्र सिंह, वीणा विश्वकर्मा, अरुण श्रीवास्तव, भोला यादव,आनन्द तिवारी, विक्रम सिंह, पुष्पेन्द्र शर्मा, चालक सोनू, सायबर सेल का विशेष योगदान रहा।

ईएफए पं. रविशंकर शुक्ल विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का समापन

सागर, देशबन्धु। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के दृष्टिकोण से श्रावण मास में मनाये जाने वाले संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्था के तत्वाधान में विद्यालय परिवार के द्वारा तिलक लगाकर एवं संस्कृत सप्ताह की शुभकामना देकर मॉ सरस्वती की पूजा के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यकर्ताओं द्वारा संस्कृतम दिनाचरण एवं संस्कृतम गीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विविध सामाजिक, सांस्कृतिक धार्मिक, शैक्षणिक संस्थानों में संस्कृतम किमर्थम् आवश्यकम इस विषय पर व्याख्यान एवं श्रावणी उपाकर्म तथा वेद पूजन वेदपाठ, एवं विद्यालयों से सम्पर्क कर पत्राचार द्वारा संस्कृत शिक्षण की जानकारी देना, संस्कृत, क्रीडोत्साव, संस्कृमत प्रतियोगिता एवं संस्कृत संध्या कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संस्कृत विद्यालय के शिक्षक उमाकान्त गौतम, ज्वाला प्रसाद रिछारिया, आचार्य योगेश मिश्रा एवं आचार्य अरूण सिलाकारी द्वारा संस्कृमत का बौद्धिक ज्ञान दिया गया। मुख्य अतिथि उमाकान्त गौतम ने संस्कृत भाषा के महत्व को

बताया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी एवं संस्कृत शिक्षकों द्वारा संस्कृतम् किमर्थम् आवश्यकम इस विषय पर छात्राओं के समक्ष अपने विचार रखे गये एवं उन्हें अपनी मूलभाषा से जोडने का प्रयास किया गया। विद्यालय की शिक्षिका रिंकी राठौर द्वारा एक संस्कृत नृत्य तैयार कराया गया एवं विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका दीप्ति द्विवेदी द्वारा श्लोक पाठ किया गया एवं संस्कृत शिक्षिका अरूणा जैन, सरोज जैन श्लोक गायन कार्यक्रम का हिस्सा रही। इस अवसर पर संस्कृत विद्यालय के अतिथि उपस्थित रहे। जिन्होंने छात्राओं को संस्कृत भाषा का महत्व एवं आवश्यकता को समझाया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा संस्कृत वंदना, स्वागत गीत, संस्कृत गीत, श्लोक पाठ, संस्कृत नृत्य आदि प्रस्तुतियां दी। इन प्रतियोगिताओ में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संस्कृत सप्ताह के कार्यक्रम में विद्वानो के व्याहख्यान से प्रेरित होकर 20 छात्राओं ने कक्षा 11वीं में वैकल्पिक विषय के रूप में संस्कृत विषय को लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत डॉ. ख्याति एवं आभार प्रदर्शन अरूणा जैन द्वारा किया गया।

सार समाचार

तहसीलदार ने स्कूलों का किया निरीक्षण

घुवारा, देशबन्धु। शनिवार की दोपहर घुवारा तहसीलदार ऋतु सिंघई के द्धारा गोरखपुर, झिंगरी मखनपुर पुरा सहित कई ग्रामीण अंचलो के विधालयो मे जाकर निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विधालय की गतिविधियो और मध्यान भोजन का जायजा लेते हुये शिक्षा मे सुधार लेने के शिक्षको को दिशा निर्देश दिये तो वही बच्चो से पढाई से संबधित सबाल भी पूछे। तहसीलदार ऋतु सिंघई ने जामकारी देते हुये बताया है कि कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टि कोण रखते हुये ग्रामीण अंचलो के पोलिंग वूथ सहित बहां पर बने रैम्पो को देखा साथ ही बृक्ष चोपाल लगाकर लोगो से वोटर लिस्ट मे नाम जुडवाने व निर्भीक होकर मतदान के लिए जनता से सीधा संबाद किया जा रहा है जिससे हर प्रत्येक नागरिक अपने मत का पहचान सके और मतदान करे।

कलेक्टर ने डहर्रा मतदान केंद्र का किया औचक निरीक्षण

छतरपुर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने शनिवार को राजनगर के डहर्रा मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री जी.आर. ने मतदान केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शौचालय, पेयजल, फर्नीचर बिजली आदि व्यवस्थाओं को जांचा। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लीकेज नलों को तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नम: शिवाय अरजरिया, एसडीएम एवं आरओ बी.एस. पटेल सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्कूल की कक्षाओं के निरीक्षण में बच्चों को दिया कैरियर मार्गदर्शन : कलेक्टर संदीप जी.आर. ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डहर्रा के स्कूल की कक्षाओं का भी निरीक्षण किया एवं विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने स्कूल में दी जा रही शिक्षा एवं स्मार्ट क्लास के नियमित संचालन के बारे में बच्चों से जानकारी ली।

अब दीनदयाल रसोई में 5 रूपए में मिलेगा भरपेट भोजन

67 पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टे वितरित

- ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ कार्यक्रम

छतरपुर, देशबन्धु। शहर के किशोर सागर तालाब के पास स्थित ऑडिटोरियम हॉल में दीनदयाल रसोई योजना के तृतीय चरण का शुभारंभ एवं नगरीय क्षेत्र के आवासहीन लोगों के लिए पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के 67 पात्र लोगों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए।

ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं हितग्राहियों ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को वेबकास्ट के माध्यम से देखा एवं सुना।

जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए आवासहीन लोगों को निवास करने के लिए पट्टा वितरण कार्यक्रम कर, इस योजना के पात्र लोगों को पट्टे वितरित किए एवं प्रदेश में संचालित सभी दीनदयाल रसोइयों में 10 रूपए के जगह 5 रूपए की थाली में भरपेट खाना देने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व विधायक जुझार सिंह बुंदेला, नपाध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, भाजपा उपाध्यक्ष अशोक दुबे, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद्र बुंदेला, भाजपा नेता जयराम चतुर्वेदी के साथ परियोजना अधिकारी डूडा साजिदा कुरैशी, सीएमओ माधुरी शर्मा, नगर पालिका के समस्त पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रसोई में 5 रूपए की थाली का लिया आनंद : ऑडिटोयम हॉल में आयोजित कार्यक्रम के समापन के बाद सभी अतिथि मेला ग्राउंड स्थित दीनदयाल रसोई में पहुंचे। जहां पर संगम सेवालय समिति के अध्यक्ष विपिन अवस्थी ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद दीनदयाल रसोई में 5 रूपए में मिलने वाली थाली का लोकार्पण कर सभी ने रसोई में बैठकर खाना खाया। बता दें कि अब रसोई में आने वाले सभी लोगों को 10 रूपए की जगह 5 रूपए में थाली उपलब्ध कराई जाएगी। इस रसोई का संचालन नगर पालिका के सहयोग से संगम सेवालय समिति के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है।

शिवसेना की युवा गर्जना वाहन रैली 9 सितंबर को

छतरपुर, देशबन्धु। शिवसेना की जिला स्तरीय बैठक पदाधिकारियों द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक 9 सितम्बर को शिवसेना द्वारा युवा गर्जन वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। शिवसेना के जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शिवसेना के मध्यप्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय संघटक अशोक तिवारी दो दिवसीय प्रवास पर छतरपुर आ रहे हैं। उनकी मौजूदगी में सुबह 11 बजे विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके साथ ही संकट मोचन मंदिर की बेशकीमती संपत्ति को हड़पने के मामले में शिवसेना एवं संकट मोचन सेवा समिति द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। रैली का प्रारंभ गायत्री मंदिर से किया जायेगा जो फब्बारा चौक, हटवारा, चौक बाजार, महल मार्ग होते हुए छत्रसाल चौक पहुंचेगी। यहां 5 मिनिट का उद्बोधन होगा और फिर मोटे के महावीर मंदिर के अटल सभागार में सभा होगी। श्री तिवारी ने बताया है कि इसके बाद 5 पदाधिकारियो का प्रतिनिधिमंडल एवं संकट मोचन सेवा समिति के सदस्य कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेंगे।

स्व सहायता समूह की महिलाओं को सौंपा

संजयनगर टोल प्लाजा महिलाओं के हवाले

छतरपुर, देशबन्धु। म.प्र. सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भोपाल स्थित समत्व भवन में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम अंतर्गत मार्गों पर उपभोक्ता शुक्ल संग्रहण महिला स्व-सहायता समूह द्वारा कराए जाने हेतु एमओयू किया गया। इसी अंतर्गत छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा से चंदला मार्ग के संजयनगर टोल प्लाजा का संचालन एवं उपभोक्ता शुल्क संग्रहण कार्य आजीविका मिशन के प्रगति सीएलएफ स्व सहायता समूह लवकुशनगर की महिलाएं करेंगी।

शनिवार को कलेक्टर संदीप जी.आर. के मुख्य आतिथ्य में संजय नगर टोल प्लाजा पर आयोजित कार्यक्रम में समूहों की बहनों को टोल प्लाजा की कमान मिली। साथ उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान सभी बहनों के द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का वर्चुअली उद्बोधन सुना और देखा गया। इस दौरान एडीएम नम: शिवाय अरजरिया, एसडीएम और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आय से 30 प्रतिशत की राशि मिलेगी महिलाओं को : उल्लेखनीय है की उक्त बूथ पर केवल व्यावसायिक वाहनों से शुल्क लिया जाता है जिससे प्रतिदिवस औसतन 20 हजार की आय होती है उक्त आय का 30 प्रतिशत महिलाओं को प्राप्त होगा और माह में लगभग 2 लाख की आय हो सकेगी। संचालन में 15 महिलाएं काम करेंगी। जिन्हें प्लाजा से लगभग 10 से 12 हजार प्रतिमाह की आय सुनिश्चित हो सकेगी।

सीएम ने वर्चुअली किया 2.40 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

लवकुशनगर, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को विकास कार्यों का भूमिपूजन, दीनदयाल रसोई योजना का शुभारंभ एवं आवासीय पट्टों का वितरण लवकुशनगर नगर परिषद में लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से किया। वहीं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जुडक़र पूरे कार्यक्रम की जानकारी सीएमओ बसंत चतुर्वेदी से ली। इस मौके पर 2 करोड़ 40 लाख रुपये के विकास कार्यो का भूमि पूजन और भूमिहीन 13 लोगों को आवासीय पट्टों का वितरण किया गया। इसके अलावा चार नये वाहनों को नगर परिषद में शामिल कर फीता काटकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष जीतेन्द्र खटीक, प्रभारी सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, उपयंत्री अमितेश अवस्थी, भाजपा नेता राकेश रिछारिया, प्रवीण रिछारिया, गुलाब सिंह, राजू चौबे, दीपा योगेश विस्वकर्मा, अनिल त्रिपाठी, रामू यादव मोंटी अवस्थी सहित तमाम भाजपा नेता व गणमान्य व्यक्ति सहित, पत्रकारगण उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति पर सीएमओ को समारोह पूर्वक दी गई विदाई

सटई, देशबन्धु। जिला सहायक परियोजना अधिकारी एवं सटई तथा नौगांव नगर पालिका परिषद के सीएमओ निरंकार पाठक की सेवानिवृत्ति पर नगर परिषद कार्यालय में उन्हें समारोहपूर्वक विदाई दी गई। विदाई समारोह में निकाय की अध्यक्ष श्रीमती माया राजेश शर्मा, बड़े बाबू रामगुलाम द्विवेदी सहित उनके परिजनों, रिश्तेदारों, साथी कर्मचारियों ने पुष्पहार, पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र, कलम, धार्मिक पुस्तकें और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह में श्री पाठक की पुत्री अदिति पाठक और दामाद विशाल पाठक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन सुमित खरे ने किया। निकाय अध्यक्ष श्रीमती माया राजेश शर्मा ने कहा कि सीएमओ निरंकार पाठक का कार्यकाल सराहनीय रहा है। अपने कार्यकाल में उन्होंने सभी कर्तव्यों का निर्वाह ईमानदारी से किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष सरमन कुशवाहा, डॉ हाजी अब्दुल कादिर, प्यार मोहम्मद, पवन सोनी, उत्तम पटेल, बालमुकुंद शुक्ला, पंकज दीक्षित, स्वप्निल उदेनिया, मातादीन यादव, मदन मोहन रैकवार, संतोष बुंदेला, श्रीनिवास विश्वकर्मा, मोहम्मद रिज़वान, सुमित खरे, प्रवीण जाटव, रानू सौदागर, धीरेंद्र त्रिपाठी, आनंद शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

तोड़फोड़ कर शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नौगांव, देशबन्धु। नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कीरतपुरा में निर्माणाधीन विद्युत सब स्टेशन पर तोड़फोड़ करने एवं ठेकेदार सहित शासकीय कर्मचारियों के वादविवाद कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने महिला आरोपियों सहित 7 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपियों को जेल भेजने की कार्यवाई की गई।

जानकारी के अनुसार म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.वि.वि. केंद्र नौगांव ग्रामीण के कनिष्ठ अभियंता देवेन्द्र पटेल ने पिछले दिनों नौगांव पुलिस थाना प्रभारी को बताया कि ग्राम कीरतपुरा मे नया 33 / 11 KV बिजली उपकेन्द्र का निर्माण कार्य करवाया जा रहा था, जिसमे दिनांक 17 अगस्त 2023 को सुबह करीबन 7.00 बजे आरोपी मुकेश धोबी तनय बल्लू धोबी,राहुल तनय रामबक्श धोबी,राम बक्स तनय माते धोबी एवं नरेन्द्र तनय खेमचन्द्र धोबी द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए ठेकेदार एवं बिजली विभाग के कर्मचारियों के गंदी-गंदी गालियां देकर शासकीय संपत्ति की तोड़फोड़ एवं शासकीय कर्मचारियों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिये जाने की रिपोर्ट पर से आरोपियों के खिलाफ धारा 353, 332, 186, 294, 506, 427, 34 आईपीसी का मुकदमा कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान 02 सितम्बर 23 को मुखबिर की सूचना पर प्रकरण के आरोपी गणों रामदास श्रीवास पिता रामदीन श्रीवास, राहुल श्रीवास पिता रामदास श्रीवास, नरेंद्र श्रीवास पिता खेमचन्द्र श्रीवास, मुकेश श्रीवास पिता तेज बहादुर श्रीवास, संदीप श्रीवास पिता खेमचन्द्र श्रीवास, श्रीमती जशोदा पति खेमचन्द्र श्रीवास, श्रीमती टुडिया श्रीवास पति भुमानीदीन श्रीवास को उनके घर ग्राम कीरतपुरा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस पूरी कार्यवाई में नौगांव थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार यादव, उपनिरीक्षक शेर जंग खान, प्रधान आरक्षक अरविन्द शर्मा प्रधान, आरक्षक भूपेन्द्र, प्रधान आरक्षक मनीष त्रिपाठी, आरक्षक दृगपाल सिंह, आरक्षक आदित्य, आरक्षक हरदीन, आरक्षक जितेन्द्र, आरक्षक अजय, आरक्षक अंकित, आरक्षक आकाश, आरक्षक गजेन्द्र, आरक्षक बृजलाल, महिला आरक्षक राधा, महिला आरक्षक उमाराजा, महिला आरक्षक आरती, महिला आरक्षक रीना पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

सागर में महिला के साथ मारपीट के मामले में कार्यवाही की मांग, सीएम को भेजा ज्ञापन

छतरपुर, देशबन्धु। पिछले दिनों सागर शहर में छतरपुर जिले की एक महिला के साथ की गई बर्बरता की शर्मनाक घटना के विरोध में शनिवार को शहरवासियों ने पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पीड़ित महिला को न्याय दिलाने, महिला के मानसिक स्वास्थ्य का इलाज एवं परिवार के भरण-पोषण की व्यवस्था कराने की मांग रखी है। इसके साथ ही उक्त घटना में शामिल सभी आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही कराने का आग्रह सीएम से किया गया है।छतरपुर के नागरिक छत्रसाल चौराहा पर इकट्ठा हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए वरिष्ठ पत्रकार हरिप्रकाश अग्रवाल, जीतेंद्र रिछारिया, एडवोकेट संजय शर्मा और अंजुमन सदर जावेद अली के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। एसपी ऑफिस में आवेदन देते हुए बताया गया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें छतरपुर जिले की बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम मनकारी की रहने वाली एक महिला को कुछ लोग लात-जूते व डंडों से पीट रहे हैं। यह वीडियो सागर के बस स्टैंड का बताया जा रहा है जो गोपालगंज थाना अंतर्गत आता है। इस मौके पर नाजिम चौधरी, रफत खान, पत्रकार लक्ष्मी नारायण शर्मा, रोहित गुप्ता, जगदीश नारायण द्विवेदी, जितेंद्र निगम, निर्देश अग्रवाल, प्रमोद त्रिपाठी, सत्यम सिंह, अफसर खान, बृजेश रैकवार सहित लगभग एक सैकड़ा लोग शामिल रहे।

अवैध बालू से भरे ट्रेक्टर ट्रॉली जप्त किए

खजुराहो, देशबन्धु। बीते दिवस राजनगर पुलिस कर्मी बस स्टैंड के नजदीक से अवैध बालू से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकडक़र थाना परिसर ले आये, और धारा 379 तथा 414 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया तथा खनिज विभाग को सूचित कर दिया। इसी दौरान ट्रेक्टर ट्रॉली मालिक भोपाल सिंह निवासी कुरेला मौके पर आ गए और उन्होंने प्रभारी टी.आई.राजेश तिवारी से कहा कि उनकी एंट्री शुल्क 10 हजार रुपए जमा है जो उन्होंने 10 दिन पूर्व ए.एस.आई.विनोद सिंह के माध्यम से दी है। उन्होंने मौके पर मीडिया कर्मियों को बताया कि उनसे ट्रेक्टर ट्रॉली छोडने के लिए पुलिस द्वारा 20 हजार रुपए की मांग की गई। हालांकि प्रभारी टी.आई.राजेश तिवारी ने उक्त आरोपों को नकारते हुए मन गढ़न्त बताया। उक्त ट्रेक्टर ट्रॉली बगैर कार्यवाही के छूट भी जाता अगर मौके पर मीडिया कर्मी न पहुंचे होते तो, पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त ट्रेक्टर ट्रॉली पकडने में ट्रांसफर होकर आये पुलिस कर्मियों से गलती हो गई। दरअसल पुलिस द्वारा उन्हीं ट्रेक्टरों को पकड़ा जाता है जिनकी एंट्री शुल्क समय पर जमा नहीं होती या पुलिस को चकमा देकर अवैध बालू ढो रहे होते हैं। हालांकि सत्ताधारी बालू माफियाओं को एंट्री शुल्क से छूट रहती है।

इनका कहना है

मुझे इस सम्बंध में कोई शिकायत मिलती है तो जांच करवाकर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

सलिल शर्मा, एसडीओपी खजुराहो

बारिश न होने से सूखने लगी फसल

- किसानों की चिंता बढ़ी

हरपालपुर, देशबन्धु। बुंदेलखंड में एक बार फिर सूखे की दस्तक के चलते खरीफ सीजन की फसलें सूखने की कगार पर हैं। पिछले 15 दिनों से बारिश न होने के तथा आसमान से आग बरसने के चलते किसानों की चिंता बढने लगी हैं। बारिश थम जाने से मूंगफली, उड़द, तिली, मूंग आदि फसलें सूखने की कगार पर हैं। इसके साथ ही नौगांव तहसील क्षेत्र में कीट का भी प्रकोप है। कृषि अधिकारियों की मानें तो जल्दी ही बारिश न होने पर फसलों को 40 से 50 फीसदी तक नुकसान हो सकता है। हालांकि मौसम विभाग ने सितंबर के दूसरे सप्ताह में बारिश की संभावना जताई है। किसान भी दवाओं का छिडक़ाव कर फसलों को बचाने में लगे हैं। किसानों का कहना है कि अगर बीच-बीच में बारिश होती रहती तो फसलों में कीट नहीं पनपते, लेकिन नमी कम होते ही फसलें पीली पडने लगीं और उनमें माहू तथा इल्ली का प्रकोप बढ़ गया है। ग्राम इमलिया, सरसेड़, लहदरा, कैंथोकर, अलीपुरा, मवइया, कराठा, परेथा, बोदी, काकुनपुरा के किसान चिंता में है।

खेतों में नमी कम होने से फटने लगी मिट्टी : बारिश थम जाने के कारण खेतों की नमी कम हो गई और मिट्टी फटने लगी है। मूंगफली की फसल भी सूखने रही है। जिन किसानों के पास ट्यूबवैल और कुआं हैं वे पंप चलाकर फसलें बचा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस साल समय पर बारिश शुरू होने के कारण जिले में खरीफ सीजन की फसलों की शत-प्रतिशत बुवाई और करीब 89 प्रतिशत मुंगफली की बुवाई हुई लेकिन बारिश के लंबे ब्रेक से फसलों की अच्छी पैदावार पर संकट छा गया है।

राज्य स्तरीय कबड्डी फुटबाल स्पर्धा का दूसरा दिन

कोमल वर्मा की डबल हैट्रिक से इंदौर की जबरदस्त जीत

छतरपुर, देशबन्धु। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी एवं फुटबॉल में खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। दूसरे दिन भी एक्सीलेंस नंबर वन, हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर 2 तथा स्टेडियम के मैदान में सुबह और शाम कबड्डी एवं फुटबॉल मैच खेले गए, जिसमें खिलाडियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार कौटार्य ने टूर्नामेंट से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार प्रभारी लखनलाल असाटी ने बताया कि 14 वर्ष आयु समूह की स्पर्धा में सुबह नंबर 2 स्कूल में खेले गए। बालिकाओं के फुटबॉल मैच में जबलपुर ने उज्जैन संभाग को 4-1 से, इंदौर ने ग्वालियर को 6-0 से तथा भोपाल ने सागर को 4-0 से पराजित किया। इसी मैदान में शाम को संपन्न बालिका वर्ग के फुटबॉल मैच में इंदौर ने जबलपुर को 2-1, जनजातीय कार्य संभाग ने उज्जैन को 3-0 तथा नर्मदा पुरम ने सागर संभाग को 3-0 से पराजित किया। भोपाल एवं रीवा के बीच आज का अंतिम मैच में जारी था इंदौर की 9 नंबर जर्सी धारी कोमल वर्मा का जबरदस्त खेल सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने ग्वालियर के विरुद्ध 6 गोल तथा जबलपुर के विरुद्ध एक गोल कर इंदौर को दोनों ही मैच में विजेता बनाया। स्टेडियम में संपन्न बालकों की फुटबॉल स्पर्धा में इंदौर और नर्मदा पुरम संभाग के बीच मैच 0-0 से बराबर रहा। उज्जैन ने जबलपुर को 2-1 से भोपाल ने सागर को 4-0 से शहडोल ने रीवा को 3-2 से पराजित किया। शाम को संपन्न हुए मैच में जबलपुर ने इंदौर को 1-0 से उज्जैन ने जनजातीय संभाग को 3-1 से पराजित किया। खबर लिखे जाने तक सागर ग्वालियर का मैच जारी था।

कबड्डी में भी हुआ जोरदार प्रदर्शन : *एक्सीलेंस स्कूल के दो मैदानों पर 19 वर्ष आयु समूह की बालिकाओं के कबड्डी मैच सुबह और शाम आयोजित किया जा रहे हैं। सुबह उज्जैन संभाग ने भोपाल को 29-18 से सागर ने नर्मदा पुरम को 22-17 से इंदौर ने रीवा को 28-12 से पराजित किया। इसी तरह सागर ने जनजातीय कार्य संभाग 37-21 से भोपाल ने ग्वालियर को 31-23 से तथा नर्मदा पुरम ने रीवा संभाग को 30 -23 से पराजित किया। शाम के मैच जारी थे गर्मी को देखते हुए दोपहर में मैच नहीं कराए जा रहे हैं।*

मनरेगा अंतर्गत अपूर्ण कार्यों की जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा : *छतरपुर, देशबन्धु। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहर की अध्यक्षता में मनरेगा की मासिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष छतरपुर में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में जनपद सीईओ, सहायक यंत्री अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, उपयन्त्री उपस्थित रहें। बैठक में जनपदवार अपूर्ण कार्यो की सेक्टरवार समीक्षा की गई। जिसमें 2022-23 एवं उसके पूर्व के अपूर्ण कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए। जिस सेक्टर के अपूर्ण कार्य 92 प्रतिशत से कम है उन्हें आगामी एक सप्ताह में प्रगति बढ़ाने की चेतावनी दी गई।*

अपूर्ण गौशाला के कार्य 15 सितंबर तक पूर्ण कराकर संचालित कराये जाने एवं सभी गौशालाओ को संचालित कराने के निर्देश दिए गए। सेग्रेगेशन शेड, पक्का चबूतरा के कार्य पूर्ण करवाने, पी.एम. आवास के कार्यो में मजदूरों की मजदूरी का भुगतान 25 सितंबर तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए गए। मनरेगा में वार्षिक लेबर बजट के लक्ष्य के विरुद्ध मानव दिवस श्रजित किए जाने के निर्देश दिए गए। जनपद गौरिहार एवं नौगांव की प्रगति कम होने के कारण सीईओ जिला पंचायत द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।

अटल भूजल के कार्यो को आगामी की शेष राशि कार्य अनुसार व्यय किये जाने के जनपद छतरपुर, राजनगर व नौगांव के सीईओ को निर्देशित किया गया। मनरेगा में एनआरएम के कार्यो पर न्यूनतम 65 प्रतिशत एवं कृषि आधारित गतिविधि पर 60 प्रतिशत व्यय किये जाने के साथ ही श्रम सामग्री का अनुपात शासन निर्देशानुसार श्रम पर न्यूनतम 60 प्रतिशत एवं सामग्री पर अधिकतम 40 प्रतिशत व्यय किये जाने के निर्देश दिए गए। जिन पंचायतो में कार्य स्वीकृत नही हैं वहां पर एनआरएम के नवीन कार्य श्रम सामग्री का अनुपात शासन के निर्देशानुसार होने पर स्वीकृत के निर्देश दिए गए।

साहित्य

कहानी

रूपा

■ सुभद्रा कुमारी चौहान



अ समय की घंटी ने सभी को बेचैन-सा कर दिया । अभी आधा घंटा भी नहीं हुआ, मैट्रन जेल बंद करके गई है । फिर तुरंत ही वह घंटी कैसे? जेल-जीवन से घबराई हुई बहनों ने सोचा, शायद उनकी ही रिहाई का फरमान आया हो, जिनके मुलाकाती बहुत दिनों से न आए थे, उन्होंने अंदाज लगाया शायद उनसे कोई मिलने आया है । जिन्हें किसी तरह के सामान की प्रतीक्षा थी उन्होंने समझा, उनका सामान ही आया होगा ।

मेरी तीन साल की बेटी ममता दौड़ती हुई आई, और मेरे गले में लिपटकर बोली, अम्मा उठो चलो ! घंटी बजी है । फाटक खुलेगा । आज तो हम लोग भी छूटने वाले हैं ।

मैं अच्छी तरह जानती थी कि उसकी आशा कितनी निराधार है, फिर भी उसका मन रखने के लिए उसके साथ फाटक की ओर चल पड़ी।

जमादारिन जल्दी-जल्दी अपना पल्ला संभालती हुई आई; ताला खोलकर उसने फाटक खोल दिया । असिस्टेंट जेलर के साथ एक चौबीस-पच्चीस साल की स्त्री अंदर आई और एक तरफ चुपचाप खड़ी हो गई । उसके साफ कपड़े और गंभीर मुद्रा से बहुत-सी बहनों ने अंदाज लगाया कि यह भी शायद राजबन्दिनी है । जेलर ने जमादारिन को बुलाया और उसे धीरे-धीरे समझाकर चला गया ।

जमादारिन ताला बन्द करके अंदर आई । अपनी हाथ की छड़ी से उस नई आई हुई स्त्री को मारती हुई बोली, चल हरामजादी ! बच्चे को मारना ही था तो उसे पैदा क्यों किया था ।

मार से वह स्त्री तिलमिला-सी उठी, फिर भी जमादारिन के आगे-आगे, जल्दी-जल्दी चल पड़ी । शायद इस डर से कि कहीं दूसरा प्रहार भी न हो जाये । परंतु जमादारिन को इतने ही से संतोष कैसे हो जाता? उसने और भी जोर से मारते हुए और अश्लील गालियाँ देते हुए कहा, आँख दिखाती है रंडी ! देख तो नम्बरदारिन, उधेड़ ले चमड़ी, राँड की और गुनहखाने में बन्द कर दे ।

जमादारिन ताला बन्द करके अंदर आई । अपनी हाथ की छड़ी से उस नई आई हुई स्त्री को मारती हुई बोली, चल हरामजादी ! बच्चे को मारना ही था तो उसे पैदा क्यों किया था । मार से वह स्त्री तिलमिला-सी उठी, फिर भी जमादारिन के आगे-आगे, जल्दी-ज़ल्दी चल पड़ी । शायद इस डर से कि कहीं दूसरा प्रहार भी न हो जाये । परंतु जमादारिन को इतने ही से संतोष कैसे हो जाता? उसने और भी जोर से मारते हुए और अश्लील गालियाँ देते हुए कहा, आँख दिखाती है रंडी ! देख तो नम्बरदारिन, उधेड़ ले चमड़ी, राँड की और गुनहखाने में बन्द कर दे ।

अब मुझसे न सहा गया । मैंने कहा, जमादारिन, मैट्रन ऐसा करे तो करे, पर तुम बाल-बच्चे वाली स्त्री ठहरीं, तुम किसी पर बिना जाने क्यों हाथ उठाती हो ।

जमादारिन का स्वर उसी समय बदल गया । उसने मुझे देखा ही न था; नहीं तो शायद इस बेरहमी से न मारती । बोली, आप नहीं जानतीं बहन जी, यह खूनी औरत है, अपने बच्चे को मार डाला है इसने ।

मैंने कहा, उसके अपराध की सजा तो कानून से छोटी सजा से लेकर फांसी तक की हो सकती है । तुम्हारा काम तो उसे अपनी देख-रेख में बन्द रखना भर है । तुम वही करो । सजा का काम देने वालों पर छोड़ दो ।

वह गुनहखाने में बन्द कर दी गई । सब लोग अपने-अपने काम में लग गए मगर मुझे उस औरत की याद न भूली । मैं उस गुनहखाने की तरफ गई । लकड़ी का दरवाजा खुला था । वह छड़ के दरवाजे में बन्द थी । मैं अंदर आँगन में गई तो देखा, वह औरत अभी उसी प्रकार बैठी थी, रोटी और दाल उसने छुई भी न थी । मैंने उससे पूछा, तुमने खाया क्यों नहीं? खाना खा लो ।

उसने मेरी तरफ देखा । फिर उसकी आँखों में आँसू भर आए । मेरा भी जी भर आया । मैंने कहा, तुम रोयो मत, वर्ना मैं भी तुम्हारे साथ रोऊँगी । खाना खा लो, फिर मुझसे बतलायो कि तुम क्यों पकड़कर लाई गई हो । सचमुच तुमने...पर विश्वास नहीं होता कि कोई माँ अपने बच्चे को मार सकती है ।

अब वह फूट पड़ी । रोते-रोते बोली, कोई माँ मारे चाहे न मारे, मैंने तो अपनी बच्ची को मार डाला है बहन जी! यह बात सच है ।

-कैसे? मैंने आश्चर्य से पूछा।

-कैसे मारा, क्या बताऊँ...और वह फूट-फूट कर रोने लगी ।उसने न तो खाया और न यही बतलाया कि उसने अपने बच्चे को क्यों और कैसे मारा । मैं अपने ओठे पर आकर लेट गई, और वहाँ कुछ देर तक पड़ी रही । एकाएक फाटक की घंटी बजी ओर फाटक खुला । मैंने देखा कि दो स्त्रियाँ रुपा को कहीं लिए जा रही हैं । पास ही खड़ी हुई कैदिन ने पूछा, रूपा को कहां लिए जा रहे हैं ये लोग?

वह धीरे-धीरे बोली, खूनी औरत है न इसलिए फांसी वार्ड में ले जा रहे हैं।

रूपा चली गई । पर मुझे उसका रोना, उसकी विषादभरी आँखें, उसका चेहरा भूलता न था । मन कहता था कि वह हत्यारिन नहीं है, पर मेरी आंखों के सामने वह फांसी वार्ड में गई, हत्या के जुर्म में पकड़कर आई, फिर अविश्वास के लिए कहां जगह थी?

धीरे-धीरे मैं रूपा को भूल चली थी । एक दिन अखबार के एक समाचार ने उस याद को ताजा कर दिया । समाचार था, ...गांव में रूपा नाम की स्त्री अपनी छह साल की बच्ची को लेकर कुएँ में कूद पड़ी...खबर होते ही गाँव वाले आ गए और माँ-बेटी को कुएँ से निकाला । बच्ची तो मर चुकी थी लेकिन रूपा को कोई हानि न पहुंची थी और वह बच्ची की हत्या करने के अपराध में पकड़कर जबलपुर सेंट्रल जेल में लाई गई । बच्ची को लेकर वह कुएँ में क्यों कूदी इसका कारण अज्ञात है ।

मैंने अखबार पढ़ा और जान गई कि हत्यारिन रुपा है । मेरे रहते ही दो महीने बाद एक रोज आजन्म कारावास का दंड लेकर रूपा फिर जेल में आ गई । दयालु मजिरट्रेट ने उसे फांसी न देकर आजन्म कारावास की सजा दी थी ।

रुपा सब स्त्रियों के साथ जेल में काम करती, मगर चेहरे पर विषाद की छाया बनी ही रहती । एक दिन मैं बीमार पड़ी और वह मेरे पास सेवा-सुश्रूषा के लिए भेजी गई । अस्पताल में मैं अकेली अपनी बच्ची के साथ रहती थी । रुपा दिन-रात मेरे पास रहती । मेरी बच्ची को वह बहुत ज्यादा प्यार करने लगी थी । बच्ची भी उसे घड़ी भर न छोड़ती थी । आश्चर्य तो यह था कि मेरी बच्ची साफ-साफ बोल न पाती थी, फिर भी रूपा उसकी सब बातें समझ लेती थी । एक दिन किसी ने बच्ची ममता को साफ न बोलने के लिए चिढ़ा दिया था और बेचारी उदास होकर सो गई थी । इसी चिंता में मुझे नींद न आ रही थी । रूपा मेरे पास आई बोली, हाथ-पैर दबा दूँ बहन जी? आपको नींद नहीं आती ।

मेरे बहुत रोकने पर भी रुपा मेरे पैर दबाने लगी । मैंने उसका हाथ पकड़कर उसे अपने पास बिठा लिया और कहा, रूपा आज तुम मुझे बताओ कि तुम बच्ची को लेकर कुएँ में क्यों कूदी थीं?

वह बैठ गई । उसके चेहरे का विषाद कुछ गहरा हो गया, बोली, बहन जी ! मेरी गोपा इसी तरह थी, जैसी आपकी ममता है । आपने बम्बई जाकर सैंकडों रुपए खर्च करके ममता का मुंह ठीक करवा लिया है, पर मेरे पास रुपया कहां से आता । गोपा का बाप कहता था, खूब रुपया कमाकर अपनी गोपा को बम्बई ले जाकर आपरेशन करा देंगे, तब सब ठीक हो जाएगा । और इसलिए खूब रुपया कमाने के लिए वह लड़ाई पर चला गया । तबसे उसकी कोई खबर नहीं मिली । इधर मैं अकेली और जरा-सी गोपा, जहां मेहनत-मजूरी को जाती वहीं बच्चे और कभी बड़े-बड़े लोग तक गोपा को साफ न बोलने पर चिढ़ाया करते । जिस दिन मै कुएं में कूदी थी, उसके एक दिन पहले मैं एक जगह मजूरी के लिए गई थी । ऊपर मैं कुछ काम कर रही थी और वहीं जीने पर गोपा एक लड़की लिए बैठी थी । नीचे मुहल्ले भर के दस-बारह लडके-लडकियाँ.. उसे चिढ़ा रहे थे । वह कभी इसे, कभी उसे मारने दौडती पर वे थे दस-बारह और गोपा अकेली । मैंने देखा । मुझे बड़ा क्रोध आ गया । पास ही जो लड़का उसकी चोटी खींच रहा था, उसे हलके से पीठ पर मार दिया । बस फिर इसी बात को लेकर उन लोगों से कहा-सुनी हो गई । अब मुझे काम भी न मिलता । पैसों की तंगी होने लगी । इधर बच्चे गोपा को और ज्यादा चिढ़ाकर तंग करने लगे । सोचा अभी छोटी है, समझती कम है, जब बड़ी होगी तब गोपा को कितना बुरा लगेगा, मेरी गोपा दुखी हो जाया करेगी और कहीं मैं मर गई तो...फिर बहन जी। मेरे मरने के बाद गोपा की जो दुर्दशा होगी उसे सोचकर मैं पागल हो गई और उस दुर्दशा तक गोपा न पहुंच सके, इसलिए...

आगे वह कुछ न कह सकी । पास ही पड़ी हुई ममता को मैंने और पास खींचकर छाती से लगा लिया । मेरी छाया मुझसे बात कर रही थी ।

ग़ज़ल

जॉन एलिया

■ रेखा शाह आरबी बलिया (यूपी)

आखिरी बार आह कर ली है

मैं ने ख़ुद से निबाह कर ली है

अपने सर इक बला तो लेनी थी

मैं ने वो ज़ुल्फ़ अपने सर ली है

दिन भला किस तरह गुज़ारोगे

वस्ल की शब भी अब गुज़र ली है

जाँ-निसारों पे वार क्या करना

मैं ने बस हाथ में सिपर ली है

जो भी माँगो उधार दूँगा मैं

उस गली में दुकान कर ली है

मेरा कश्कोल कब से ख़ाली था

मैं ने इस में शराब भर ली है

और तो कुछ नहीं किया मैं ने

अपनी हालत तबाह कर ली है

शैख़ आया था मोहतसिब को लिए

मैं ने भी उन की वो ख़बर ली है

भूल सुधार

विगत सप्ताह साहित्य पृष्ठ पर नन्ही मुस्कान शीर्षक से कहानी प्रकाशित हुई थी, जिसके लेखक स्व. कृष्ण खटवाणी हैं। तकनीकी त्रुटिवश इसमें लेखिका का नाम गीतांजलि श्री प्रकाशित हुआ था। पाठक कृपया सुधार कर पढें।

स्त्री जीवन की धड़कनों को अभिव्यक्त करती कहानियाँ

■ अंतरा करवड़े

'गहरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियाँ' साहित्यकार अंतरा करवड़े का पहला कहानी संग्रह है, इन दिनों काफी चर्चा में है। अंतरा करवड़े ने इस संग्रह की कहानियों में स्त्रियों के मन की अनकही बातों को, उनके जीवन के संघर्ष को और उनके सवालों को रेखांकित किया हैं। अंतरा करवड़े एक ऐसी कथाकार है जो मानवीय स्थितियों और सम्बन्धों को यथार्थ की कलम से उकेरती है और वे भावनाओं को गढ़ना जानती हैं। लेखिका के पास गहरी मनोवैज्ञानिक पकड़ है। इनकी कहानियाँ पाठकों के भीतर नए चिंतन, नई दृष्टि की चमक पैदा करती हैं। इस कहानी संग्रह में नारी जीवन के विविध पक्षों को अभिव्यक्त करने वाली सशक्त छोटी-बड़ी 16 कहानियाँ हैं। इन कहानियों में कुछ ऐसे चरित्र हैं जो अपनी संवेदनशीलता के कारण सदैव याद किए जाते रहेंगे। इनमें प्रमुख है 'पाखी' कहानी का पंछी, 'पापा को देर हो गई है' की मिशी, 'गुलाबी फरवरी' की रोहिणी, 'समानांतर' की सुषमा, 'मेरा समुन्दर' की बिन्नी, 'सेकेण्ड हैण्ड' की अन्नी, वाणी और समीर, 'गहरे पत्तों की आदतें' कहानी की शैली।

'पाखी' एक सशक्त कहानी है जिसमें कथ्य का निर्वाह कुशलतापूर्वक किया गया है। कथाकार ने इस कहानी का गठन बहुत ही बेजोड़ ढंग से प्रस्तुत किया है। कहानी की नायिका पाखी के मनोभावों की अभिव्यक्ति प्रभावशाली तरीके से हुई है। पाखी ने पंछी से उदात्त प्रेम का अनुभव किया है। इस कथा में अनुभूतियों की मधुरता है, यह कहानी अंतरा जी के सामर्थ्य से परिचित कराती है। कथाकार ने कहानी में प्रतीकों, बिम्बों, सांकेतिकता का सार्थक प्रयोग किया है। अंतरा जी की इस कथा में गंध संवेदना की सुंदर अभिव्यक्ति मिली है - 'सॉरी, बहुत दिनों बाद आज धूप में सूखे हुए कपड़ों की गंध मिली थी! कल मम्मी की एक पुरानी सूती साड़ी धोकर सुखाई थी।' 'पापा को देर हो गई है' कहानी में बाल मनोविज्ञान का सूक्ष्म चित्रण दिखता है। पापा को स्कूल आने में देर हो जाती है तो मिशी पर क्या गुजरती है, लेखिका ने मिशी की मन स्थिति का विशद चित्रण किया है। कहानी 'गुलाबी फरवरी' को लेखिका ने काफी संवेदनात्मक सघनता के साथ प्रस्तुत किया है। कहानी का सृजन बेहतरीन तरीके से किया है। कथा नायिका रोहिणी की मनः स्थितियों की एक मर्मस्पर्शी, भावुक कहानी है। कहानी में नारीजनित कोमल भावनाओं की अभिव्यक्ति है। कथाकार ने रोहिणी के सपनों को, उसके निश्छल प्रेम के उदात्त भाव को अभिव्यक्त किया है। कहानी का शीर्षक 'समानांतर' कथानक के अनुरूप है। इस कहानी को पढ़ते हुए एक किशोर बेटे की माँ की मनोदशा का बखूबी अहसास होता है। अंतरा जी ने इस रचना में एक माँ की छटपटाहट को स्वाभाविक रूप से रेखांकित किया है। लेखिका ने परिवेश के अनुरूप भाषा और दृश्यों के साथ कथा को कुछ इस तरह बुना है कि कथा खुद आँखों के आगे साकार होते चली जाती है। अंतरा जी सुषमा के बेटे शालीन के मन के भीतरी तहों में संजोए सच को स्वाभाविक रूप से अभिव्यक्त करती है ङ्क 'आपको बुरा तो लगेगा सुनकर, लेकिन मैं पूछ सकता हूँ कि मुझे यहाँ रखने के पीछे क्या कारण था?'

"..."

'हम बड़े शहर में रहते थे, मैं कोई बिगड़ैल किस्म का बच्चा भी नहीं था, कोई और मजबूरी भी तो नहीं थी।' सुषमा और उसका बेटा शालीन, दोनों पात्र अपने स्तर पर आतंरिक मानसिक त्रास को भोगने हेतु विवश हैं। लेखिका ने पात्रों के मनोविज्ञान को अच्छी तरह से निरूपित किया है और उनके स्वभाव को भी रूपायित किया है। 'पत्नी की मौत के बाद' कहानी लेखिका की सूक्ष्म दृष्टि की परिचायक है। कहानी में समाज की मानसिकता के स्पष्ट दर्शन है। 'बर्गर गुझिया' कहानी के पात्र हमारे आस पास के परिवेश के लगते हैं। इस कहानी में पात्रों का चरित्र-चित्रण बहुत ही सशक्त रूप से किया है। कथाकार इस कथा में स्याह होती संवेदनाओं को उभार कर उनमें फिर से रंग भर देती हैं। 'शिखा बोल्ड हो गई है' कहानी एक अलग तेवर के साथ लिखी गई है। लेखिका ने शिखा के मन की भावनाओं को बखूबी व्यक्त किया है। इस कहानी की मुख्य किरदार शिखा को जिस प्रकार कथाकार ने गढ़ा है, उससे ऐसा लगता है कि शिखा सजीव होकर हमारे सामने आ गई है। शिखा ने कभी हारना सीखा ही नहीं था। जीत नहीं पाती थी, तो जीत की परिभाषा बदल देती थी। कहानी की नायिका शिखा एक अमिट छाप छोड़ती है। 'मिरुल' कहानी में लेखिका ने कथानायिका मिरुल की ऐसी मनः स्थिति पर वार किया है जिसमें अक्सर प्रेमिका अपने पहले प्रेमी को भूल नहीं पाती है और दूसरे प्रेमी में अपने पहले प्रेमी की छवि ढूँढती है। लेखिका ने कहानी की मुख्य किरदार मिरुल के मन की अनकही उथल-पुथल को शब्दों के धागों में सुंदरता से पिरोया है। इस कहानी की गहराई आप इस कहानी के अंत से जान सकते हैं और यह अंत बहुत कुछ सोचने को मज़बूर कर देता है। कहानी का दृश्य विधान इसकी ताकत है। 'मेरा समुन्दर' कथा नायिका बिन्नी सांकेतिक प्रतीकों के माध्यम से अपनी स्थिति और भावना अभिव्यक्त करती है। कहानी में लेखिका ने संवेदना के मर्मस्पर्शी चित्र उकेरे हैं।

'एकांत बाँसुरी' कहानी में कथा नायक राहुल और कथा नायिका श्रीनिका सांकेतिक प्रतीकों के माध्यम से अपने निश्छल प्रेम और भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं। नारी संवेदना को अत्यन्त आत्मीयता एवं कलात्मक ढंग से चित्रित करती रोचक कहानी है 'स्वेता' जो पाठकों को काफी प्रभावित करती है। इस कहानी में एक पुरुष के प्रति कथा नायिका की बदलती मनोसंवेदना का वर्णन है। 'गहरे पत्तों की आदतें' कहानी में एक युवती शैली की अनब्याही संवेदनाओं की पराकाष्ठों को पाठकों के समक्ष सकारात्मकता के साथ प्रस्तुत किया है। 'सेकेण्ड हैण्ड' कहानी आत्मीय संवेदनाओं को चित्रित करती एक मर्मस्पर्शी, भावुक कहानी है। कथाकार ने इस कहानी में पारिवारिक संबंधों की धड़कन को और बालसुलभ भावनाओं को बखूबी उभारा है। अन्नी, वाणी और समीर की संवेदनाओं को लेखिका ने जिस तरह से इस कहानी में संप्रेषित किया है वह काबिलेतारीफ़ है। यह कहानी स्त्री विमर्श के फलक को आवश्यक विस्तार देती हैं। 'रिपोर्ट' नारी जीवन के छुए अनछुए पहलुओं को अभिव्यक्त करती एक अनोखी कहानी है। माही का व्यक्तित्व कमाल का है। कथाकार ने माही के अदम्य जिजीविषा तथा असीम सहन शक्ति का अंकन किया है। माही चिंतन को अवसाद से बाहर निकालने के लिए भरसक प्रयत्न करती है और वह अपने प्रयासों में सफल हो जाती है। कथाकार ने एक महत्वपूर्ण विषय को उठाया है कहानी 'उखड़ी हुई जड़' में। इस कहानी का शीर्षक प्रतीकात्मक है जिसमें इस कहानी के मुख्य किरदार शशांक को अपनी चेतना से जूझते हुए दिखाया गया है। कथाकार ने 'आईना देखो गार्गी' कहानी का सृजन बेहतरीन तरीके से किया है। कहानी का दृश्य विधान इसकी ताकत है। कहीं-कहीं तो लगता है हम इसके साथ बह रहे हैं। इस कहानी को पढ़कर लगता है कि वास्तव में गार्गी अपने माता पिता से दो-तीन पीढ़ी आगे निकल चुकी है। यह बदलते समय की आहट है।

इन कहानियों में अंतरा करवड़े प्रकृति के जीवंत बिम्ब उपस्थित करके पाठकों का मन कथा के साथ बाँध लेती हैं। कथाकार स्त्रियों की जिंदगी के हर पार्श्वो को देखने, छूने तथा उकेरने की निरंतर कोशिश करती हैं। इनके कथा साहित्य में स्त्री के कई रूप दिखाई देते हैं। अंतरा जी के नारी पात्र पुरुष से अधिक ईमानदार, व्यवहारिक, साहसी और कर्मठ दिखाई देती हैं। कहानियाँ नारी मन का मनोवैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण करती हैं। अंतरा जी की कहानियों की स्त्रियां सबल, प्रगतिशील, स्वाबलंबी, कामकाजी, जुझारू और अपना जीवन अपनी शर्तों पर जीने वाली हैं। इस संग्रह की कहानियाँ अपनी सार्थकता सिद्ध करती हैं। इस संकलन की कहानियों में लेखिका की परिपक्वता, उनकी सकारात्मकता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। कहानीकार ने कहानियों में घटनाक्रम से अधिक वहाँ पात्रों के मनोभावों और उनके अंदर चल रहे अंतर्द्वन्द्वों को अभिव्यक्त किया है। कथाकार ने जीवन के यथार्थ का सहज और सजीव चित्रण अपने कथा साहित्य में किया है। संग्रह की सभी कहानियाँ शिल्प और कथानक में बेजोड़ हैं और पाठकों को सोचने को मजबूर करती हैं। अंतरा जी की कहानियों का शिल्प चरित्रों की मन:स्थिति एवं कथ्य की आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित होता है। अंतरा जी की कहानियों की विशेषता इनका शिल्प है जो कलात्मक लेखन से हृदय के भीतर उतर कर पाठक के मन को झिंझोड़ देता है। इस संग्रह की कहानियाँ पाठकों को मानवीय संवेदनाओं के विविध रंगों से रूबरू करवाती हैं। रिश्तों और मानवीय संबंधों की बारीक पड़ताल की गई है। कथाकार ने नारी जीवन के विविध पक्षों को अपने ही नज़रिए से देखा और उन्हें अपनी कहानियों में अभिव्यक्त भी किया हैं।

इस कहानी संग्रह की हर एक कहानी नारी के मन और उसकी भावनाओं के हर एक पहलु को उजागर करती है। स्त्री के मन को छूती हुई ये कहानियाँ पाठक के मन में समा जाती हैं। इनकी भाषा का लालित्य पाठकों को मोहित करता है। कहानीकार ने नारियों की सूक्ष्म मनोवृत्तियों, स्त्री जीवन की धड़कनों, किरदारों के मन में चलने वाली उथल पुथल को इन कहानियों में सहजता से अभिव्यक्त किया है। इन कहानियों के किरदार कहानी ख़त्म होते ही आपसे जुदा नहीं होते हैं बल्कि आपके ज़ेहन में हमेशा के लिए बस जाते हैं। संग्रह की कहानियों में जीवन की गहराई है। अंतरा जी ने मुखर होकर आज की नारी जीवन की सच्चाइयों का वास्तविक चित्र प्रस्तुत किये हैं। भाषा परिवेश के अनुकूल है। कथाकार की भाषा में पाठक को बाँधे रखने का सामर्थ्य है। संवेदना के धरातल पर ये कहानियाँ सशक्त हैं। संग्रह की हर कहानी उल्लेखनीय तथा लाज़वाब है और साथ ही हर कहानी ख़ास शिल्प लिए हुए है। इन कहानियों में प्रयुक्त कथानुकूलित परिवेश, पात्रों की अनुभूतियों, पात्रों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण, कहानियों में लेखिका की उत्कृष्ट कला-कौशलता का परिचय देती है। कथा सृजन की अनूठी पद्धति अंतरा करवड़े को अपने समकालीन कथाकारों से अलग खड़ा कर देती है। कहानियों का यह संग्रह सिर्फ पठनीय ही नहीं है, संग्रहणीय भी है। इस संग्रह की कहानियाँ पढ़कर ऐसा नहीं लगता है कि 'गहरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियाँ' इनका पहला कहानी संग्रह है। अंतरा करवड़े की प्रथम कृति 'गहरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियाँ' का साहित्य जगत में स्वागत है, इस शुभकामना के साथ कि उनकी यह यात्रा जारी रहेगी।

लेखिका : अंतरा करवड़े
प्रकाशक : राइजिंग स्टार्स, 600/5-ए, आदेश मोहल्ला, गली नंबर 15, मौजपुर, दिल्ली - 110053
आईएसबीएन नंबर : 978-93-93219-22-0
मूल्य : 400 रूपए

ग्रामवासियों से संवाद कर सुनी समस्याएं

खनिज मंत्री ने ग्राम बीरा को दी विकास कार्यों की सौगात

पन्ना, देशबन्धु। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बीरा पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साढ़े 5 करोड़ रूपए की लागत से अब सड़क के लिए जमीन देने वाले ग्रामवासियों की सहमति से बीरा पहुंच मार्ग का शेष निर्माण कार्य कराया जाएगा। सड़क के अविवादित निर्माण कार्य को पहले ही पूर्ण कर लिया गया है। बीरा के पुलिस चौकी परिसर के सामने आयोजित कार्यक्रम के मौके पर उन्होंने कहा कि सड़क बनने से अब ग्रामवासियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। पहले बरसात के दिनों में खराब सड़क के कारण आवागमन बाधित होता था। इसके अलावा बीरा को पूर्व में लोगों की मांग पर विद्युत सब स्टेशन की सौगात भी मिली है, जिससे बिजली की समस्या का निराकरण हो सकेगा। 45 किलोमीटर लम्बाई की नहरपट्टी रोड के भूमिपूजन उपरांत अब आगामी 5 सितम्बर को सड़क में बनने वाले चार पुल का भूमिपूजन भी किया जाएगा। इसी दिन नहरा-नहरी पुल और नहरपट्टी-लौलास मार्ग का भूमिपूजन तथा 30 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली हरसा-सलैया रोड का भूमिपूजन 15 सितम्बर को होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुलभ आवागमन के दृष्टिगत कई सड़कों का निर्माण करवाया गया है। निमहा-मोहाना सड़क भी स्वीकृत हो गई है। लोगों की मांग पर कई ग्रामों में सामुदायिक भवन स्वीकृत किए गए हैं। जैतूपुर में 1500 करोड़ रूपए की लागत से सबसे बड़ा 220 के.व्ही. का स्वचलित पॉवर स्टेशन भी बनकर तैयार होगा। वन विभाग की आपत्तियों का निराकरण कर मझगांय और रूंझ बांध के कार्यों के लिए 600-600 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन के तहत उक्त डैम से गांव-गांव तक नल के माध्यम से शुद्ध जल पहुंचेगा। विकास कार्यों से संबंधित जनता की सभी जनहितैषी बड़ी एवं छोटी मांग पूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वयं की पहचान विकास कार्यों की बदौलत स्थापित करेंगे। विभिन्न सड़क निर्माण के लिए खनिज विभाग के डीएमएफ फण्ड से स्वीकृत राशि की जानकारी भी दी। मंत्री श्री सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद कर समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम सत्यनारायण दर्रो एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जनपुस्तकालय का लोकार्पण : कैबिनेट मंत्री ने बीरा में एक लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित जनपुस्तकालय और स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14 लाख 95 हजार रूपए की लागत से निर्मित फिल्टर नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया। ग्राम गुदहा और झिन्ना के स्थानीय कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मंत्री ने गुदहा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की।

सड़क पर खेल रहे 3 बच्चो को तेज रफ्तार बाइक सवार ने मारी, टक्कर 1 की मौत, 2 गंभीर

पन्ना, देशबन्धु। जिले के ब्रजपुर थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत भसूडा में तेज रफ्तार मोटर साईकिल चालक ने सड़क पर खेल रहें बच्चो को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक बच्चे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा दो अन्य बुरी तरह घायल हो गयें। जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जानकारी क अनुसार भसूडा ग्राम सडक पर पंकज आदिवासी उम्र 11 निवासी भसूडा, वीरेन्द्र आदिवासी निवासी चौपडा जनवार तथा दिव्यांश आदिवासी निवासी ककरहटी को मोटर साईकिल चालक द्वारा टक्कर मारी गई है। जिसमें पांच वर्षीय दिव्यांश निवासी ककरहटी की मौत हो गई है तथा वीरेन्द्र एवं पकंज घायल हुए है। वीरेन्द्र तथा दिव्यांश अपने मामा के यहां आये थे उसी दौरान यह घटना घटित हुई। मोटर साईकिल मे सवार युवराज आदिवासी निवासी पनारी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 35 एम जे 7224 के साथ घायल अवस्था में पडा मिला। जिसकी पुलिस द्वारा एमएलसी कराई गई है। ज्ञात हो कि मोटर साईकिल चालक तेज रफ्तार वाहन चलाकर आये दिन सडक दुर्घटनाए कर रहें है। थाना प्रभारी बखत सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। मोटर साईकिल मे कितने लोग थे तथा किस प्रकार से लापरवाही की गई है। संबंधित के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी।

कूट रचित दस्तावेजों द्वारा शासकीय जमीन हड़पने वाले पंचायत अधिकारी के खिलाफ नहीं हो रही कार्यवाही

पन्ना, देशबन्धु। जिले में भू-माफियाओं द्वारा सरकारी जमीनो तथा आदिवासी दलितो, गरीबो के नाम आबंटित जमीनो को लगातार कूट रचित दस्तावेजो के आधार पर अपने नाम कराया जा रहा है तथा गरीबो को भूमिहीन किया जा रहा है। इस प्रकार के फर्जीवाडा में जिले के जन प्रतिनिधि तथा बडे अधिकारी भी शामिल है। आदिवासियों के नाम आवंटित जमीनो की स्वीकृति भी व्यापक स्तर पर तत्कालीन कलेक्टर संजय मिश्रा द्वारा दी गई। इसके अलावा अन्य तरीको से पूर्व में जिले के भू माफियाओं द्वारा जमीने अपने नाम करा ली गई। इसी प्रकार का मामला पन्ना तहसील अन्तर्गत ग्राम मडला का प्रकाश में आया है। जिसमें जनपद पंचायत पन्ना में पदस्थ खंड पंचायत अधिकारी घनश्याम शर्मा द्वारा राष्ट्रीय राज्य मार्ग 39 में मडला स्थित चरनोई की लगभग पांच एकड से अधिक बेश कीमती जमीन अपने परिजनो के नाम मनमाने ढंग से कराई गई है। जिसके संबंध में आवेदक जगदीश प्रसाद तिवारी ग्राम मडला ने जिला कलेक्टर हरजिंदर सिंह को आवेदन दिया था तथा बताया था कि ग्राम मडला पटवारी हल्का नम्बर 9 तहसील पन्ना में आर आजी खसरा नम्बर 572, 577 रकवा 0.67, 1.20 हैक्टेयर भूमि जो मप्र शासन चरनोई के नाम दर्ज थी।

भूमि बंदोबस्त मिशल खसरा वर्ष 1984-85 में शासकीय दर्ज थी उक्त जमीन को वर्ष 1990-91 में बंदोबस्त अधिकारी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 296/अ/6 27 सितम्बर 1991 में सहायक बंदोबस्त अधिकारी प्रकरण क्रमांक 306 दिनांक 02 अप्रैल 1991 के द्वारा चरनोई भूमि काटकर बंजर दर्ज किये जाने का आदेश किया गया। जो मप्र भू राजस्व संहिता धारा 237 का सीधा उल्लघंन है। यह आर आजी वर्ष 1991-92 के द्वारा नायाब तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 35/अ-19 आदेश दिनांक 29 अप्रैल 1991 के द्वारा उक्त जमीन शासकीय से हटाकर बेवा मीरा देवी पति दरोगा प्रसाद शर्मा निवासी मडला के नाम कर दी गई। ज्ञात हो कि मीरा प्रसाद शर्मा के पति दरोगा प्रसाद शर्मा ग्राम पंचायत मडला में सचिव पद पर पदस्थ रहें है। जबकी वह मूल निवासी ग्राम जिगनी जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश के निवासी है। आवेदक ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त जमीन को शासकीय रिकार्ड में हेरा फैरी करके तत्कालीन नायाब तहसीलदार द्वारा नियम से हटकर उक्त जमीन उनके नाम की गई है। ज्ञात हो कि दरोगा प्रसाद शर्मा की मृत्यु के पश्चात् उनके पुत्र घनश्याम प्रसाद शर्मा को सचिव ग्राम पंचायत मडला के पद पर पदस्थ किया गया था। जो काफी दिनो तक सचिव के पद पर रहें है तथा वर्तमान में जनपद पंचायत पन्ना में खंड पंचायत अधिकारी है। उनके द्वारा उक्त जमीन पर आलीशान मकान बना लिये गये है। उक्त जमीन राष्ट्रीय राज्य मार्ग से लगी हुई है, जो वेश कीमती करोडो की जमीन है तथा खाली जमीन पर आज भी पेडे लगे हुए है। ज्ञात हो कि दरोगा प्रसाद शर्मा के चार पुत्र है जिनमें घनश्याम शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुशील शर्मा, पूनीत शर्मा आदि। स्थानीय लोगो तथा आवेदक जगदीश प्रसाद तिवारी ने उक्त शासकीय जमीन भू-माफिया से अलग करके शासन के नाम करने की मांग करते हुए संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञात हो कि श्री शर्मा पिछले तीस वर्षो से पन्ना जनपद पंचायत में जमे हुए है तथा करोडो की संपत्ति भ्रष्टाचार करके अर्जित की गई है। स्थानीय लोगो ने इनके द्वारा किये गयें भ्रष्टाचार की जांच कर तथा शासकीय चरनोई भूमि शासकीय करने की मांग की है तथा तत्काल इन्हे पन्ना जिले से स्थानान्तरित करने की भी मांग की गई है।

पूर्व भाजपा विधायक ने किया दीनदयाल रसोई का शुभारंभ

भाजपा की अंदरूनी कलह सामने आई

- शुभारंभ अवसर पर भाजपा नेता रहे नदारद
- बाद में आवासहीनों को किए पट्टे वितरित

नौगांव, देशबन्धु। शहर में स्थित बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय में नगर पालिका द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई केंद्र का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऑनलाइन के माध्यम से शुभारंभ कर रसोई आम जनता को समर्पित करते हुए कहा कि अब कोई भूखा नहीं रहेगा 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और पूर्व भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह ने गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर रसोई का शुभारंभ किया। लेकिन इस दौरान भाजपा का कोई भी पार्टी प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद नहीं रहा। पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक मानवेंद्र सिंह के पुत्र कामाख्या प्रताप सिंह को भाजपा ने महाराजपुर से विधानसभा का प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही भाजपा में गुटबाजी बढ़ते हुए अंदरूनी कलह बाहर निकल कर आने लगी है, इसी के चलते शनिवार को हुए इस कार्यक्रम से भाजपा पुराने कार्यकर्ता नदारद रहे। कार्यक्रम की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आनन फानन में नपा की टीम ने भाजपा नेताओं के साथ मिलकर आवास विहीन 13 लोगों को पट्टे वितरित किए गए।

बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय में दीनदयाल रसोई के प्रारंभ होने से पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऑनलाइन वर्चुअल के माध्यम से शनिवार को 66 नए दीनदयाल रसोई केन्द्रों का शुभारंभ करते हुए यह ऐलान किया। दरअसल, प्रदेश के गरीब और ज़रूरतमंद व्यक्तियों को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के मकसद से 26 फरवरी 2021 को दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना (द्वितीय चरण) शुरू की थी। इसे आगे बढ़ाते हुए इसमें अब तीसरे चरण में 66 नए केंद्रों को खोला गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण में 66 नगर पालिकाओं में स्थाई रसोई केंद्रों का शुभारंभ किया जा रहा है। इन्हें मिलाकर अब प्रदेश में 166 दीनदयाल स्थायी रसोई केंद्र हो गए हैं, जहां पर पांच रुपए में भोजन मिलेगा।

उद्घाटन कार्यक्रम के बाद नपा द्वारा शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह ने विधि विधान से दीनदयाल रसोई केंद्र का शुभारंभ किया। जिसके बाद बाद आम जनमानस को 5 रुपए में भरपेट भोजन मिलना शुरू हो गया। यह दीनदयाल रसोई प्रतिदिन सुबह 10बजे से 3 बजे तक चलेगी, हालांकि पहला दिन होने के कारण भोजन दिन में डेढ़ बजे ही खत्म हो गया। इस कारण से बाद में आने वाले लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। नपा द्वारा आयोजित इस शुभारंभ कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पूर्व भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह के शामिल होने और भाजपा के अन्य नेताओं और जनप्रतिनिधि सहित कार्यकर्ताओं के द्वारा कार्यक्रम से दूरी बनाने से शहर में कई प्रकार की राजनैतिक हवाओं को बल मिला है। क्योंकि पिछले दिनों भाजपा ने महाराजपुर विधानसभा से पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के पुत्र कामाख्या प्रताप सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। कामाख्या प्रताप सिंह के प्रत्याशी घोषित होने के बाद से महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पुराने एवं नए सहित अधिकांश पार्टी कार्यकर्ताओं ने टिकट का विरोध किया था। जिसमें कामाख्या प्रताप सिंह का पुतला दहन के साथ साथ असंतुष्ट गुट के नेताओं ने भोपाल से लेकर दिल्ली तक में डेरा जमाते हुए प्रत्याशी का विरोध करते हुए प्रत्याशी बदलने की मांग की है। जिसके चलते इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के शामिल होने पर नौगांव भाजपा के पार्टी कार्यकर्ता एवं नेता नदारद रहे।

हालांकि जब यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो नपा और भाजपा नेता हरकत में आए। इसके बाद भाजपा नेताओं ने नपा सीएमओ उमाशंकर मिश्रा उपस्थिति में आवासविहीन 13 लोगों को भी अधिकार पट्टे के दस्तावेज वितरित किए।

इस मामले में नगर पालिका सीएमओ उमा शंकर मिश्रा का कहना है कि दोनों कार्यक्रम के अलग अलग थे, इसलिए दोनों कार्यक्रम में अलग अलग शामिल हुए।

गर्भवती महिलाओं को शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार में सुविधा

पन्ना, देशबन्धु। गर्भवती महिलाओं की प्राथमिकता के आधार पर उचित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हाई रिस्क महिलाओं को ओपीडी में उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्था में प्राथमिकता के आधार पर सेवाएं प्रदाय की जा रही हैं।

संस्था में पंजीकरण में प्राथमिकता, जांच में प्राथमिकता, ओपीडी और यूएसजी सेवा में प्राथमिकता, प्रसव पीड़ा के समय लेबर रूम में विशेष देखभाल, रेफरल की स्थिति में 108 द्वारा सीधे जिला अस्पताल में रेफरल किया जाएगा। एएनसी सेवाओं से संबंधित एएनएम, सीएचओ, चिकित्सा अधिकारी और स्त्री रोग विशेषज्ञ इन बेंड को वीएचएनडी सत्रों एवं एएनसी क्लीनिक, हाई रिस्क प्रेगनेंसी क्लिनिक में चिन्हित की गई सभी गर्भवती महिलाओं को प्रदान करेंगे। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की शीघ्र पहचान एवं प्रबंधन करना बेहद जरूरी होता है। महिलाओं को सही समय पर प्रबंधन एवं चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध करवाकर गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकती हैं।

मैदानी स्तर पर वीएचएनडी सत्रों में एवं स्वास्थ्य संस्थाओं में एएनसी के दौरान हाई रिस्क महिलाओं का चिन्हांकन विशेष रूप से किया जाता है। महिलाओं को चिन्हित करने एवं उनके प्रबंधन के लिए सुमन हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। गर्भावस्था में खून की अत्यधिक कमी, रक्तस्त्राव, पूर्व में सीजेरियन प्रसव, पूर्व में गर्भपात, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अत्यधिक वजन, अधिक उम्र में गर्भावस्था होने जैसे कारणों के पाए जाने पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

रोजगार मेला का आयोजन 11 तक

पन्ना, देशबन्धु। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 11 सितम्बर तक विकासखण्डवार रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। मेले में एसआईएस सुरक्षा कम्पनी के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के जरिए युवकों को रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए चयन किया जाएगा। गत एक सितम्बर को अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत बीआरसी भवन अजयगढ़ में रोजगार मेला आयोजित किया गया। अजयगढ़ में 79 आवेदकों द्वारा पंजीयन करवाया गया था और सुरक्षा गार्ड पद के लिए 29 युवाओं का चयन हुआ। इसी तरह आगामी दिनों में 4 सितम्बर को बीआरसी भवन पवई में, 6 सितम्बर को शाहनगर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत रैपुरा में, 8 सितम्बर को बीआरसी भवन गुनौर में तथा 11 सितम्बर को बीआरसी भवन पन्ना में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला पवई के लिए दिनकर गर्ग, रैपुरा शाहनगर के लिए पुष्पेन्द्र सिंह, गुनौर के लिए रावेन्द्र सिंह और पन्ना के लिए विवेक मिश्रा को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

श्रवण बाधित 4 वर्ष से कम आयु के बच्चों का चिहांकन कर उपचार के निर्देश

पन्ना, देशबन्धु। बाल श्रवण उपचार योजना के छूटे बच्चों का चिन्हांकन कर उपचार सुनिश्चित किया जायेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं। आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में 4 वर्ष से कम आयु के श्रवणबाधित बच्चों का चिन्हांकन का कार्य करेंगी।

आशा कार्यकर्ता द्वारा चिन्हित बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्र में प्राथमिक जांच के लिये लाया जायेगा। एएनएम ऐसे सभी बच्चों का, जिनमे श्रवण.बाधित और आंशिक रूप से श्रवणबाधिता पाई गई है, उनकी पुन: जांच कर श्रवणबाधिता की पुष्टि करेंगी। एएनएम से पुष्टि के बाद श्रवण बाधित बच्चों को जांच के लिये निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया जायेगा। चिकित्सा अधिकारी श्रवणबाधित की पुष्टि के लिये जांच करेंगे। ग्राम स्तर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक रेफरल प्रक्रिया की निगरानी की जवाबदेही सीएचओ की रहेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिन्हित श्रवणबाधित बच्चों को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र ले जाया जायेगा।

चिन्हित श्रवणबाधित बच्चों को हियरिंग एड के लिये नि:शक्तता प्रमाण.पत्र मेडिकल बोर्ड से उपलब्ध कराया जायेगा। चिन्हांकित श्रवण बाधित बच्चों को हेयरिंग एड देकर प्राथमिक उपचार दिया जायेगा। आवश्यकता के अनुसार 5 वर्ष आयु तक के छूटे हुए श्रवण बाधित बच्चों का एडीआईपी योजना में मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में नि:शुल्क उपचार भी कराया जायेगा। श्रवण बाधित चिन्हांकित बच्चों के नि:शुल्क उपचार के लिये निर्धारित पैकेज में कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी के लिये 5 लाख 20 हजार, परिवहन के लिये 2 हजार और इम्प्लांट के बाद पूर्ण फॉलोअप के लिये एक लाख 28 हजार रूपये की राशि निर्धारित है। नि:शुल्क कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी सहित उपचार के लिये प्रदेश के 7 चिकित्सालय संबद्ध हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

इसरो का आदित्य- एल-1.... में सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने का सिलसिला शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिक पूरे अभियान पर नजर रखे हुए हैं। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है। सफल प्रक्षेपण के साथ ही सभी चार चरणों के प्रज्वलन और पृथक्करण के बाद रॉकेट को करीब 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर निर्धारित कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। उन्होंने कहा कि 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करने के बाद अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में सूर्य के क्षेत्र में प्रवेश करेगा। करीब 1,475 किलोग्राम वजनी अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है। श्री सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की निचली कक्ष में रखे जाने के बाद कक्ष को और अधिक अण्डाकार बनाया जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को ऑन-बोर्ड प्रोपल्शन थ्रस्टर्स का उपयोग करके लैग्रेंज बिंदु एल1 की ओर प्रक्षेपित किया जाएगा। जैसे ही अंतरिक्ष यान एल1 की ओर बढ़ेगा यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र (एसओआई) से बाहर निकल जाएगा। एसओआई से बाहर निकलने के बाद, क्रूज चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यू आर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी), बेंगलुरु में तैयार आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल 1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है।

महिला वैज्ञानिक निगार शाजी ने.... हो रही है। निगार शाजी भारत के सूर्य मिशन आदित्य-एल1 की परियोजना निदेशक हैं। इन्हें लगभग आठ साल पहले आदित्य-एल1 के प्रमुख की जिम्मेदारी मिली।

इसरो को वैज्ञानिकों को.... श्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा जारी रखी है। भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई। बेहतर विकास के लिए हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे।

एक देश, एक चुनाव के.... आमंत्रित के रूप में भाग लेंगे, तथा विधि मंत्रालय के विधायी मामलों के विभाग के सचिव नितेन चन्द्र समिति के सचिव होंगे। केन्द्रीय विधि मंत्रालय के विधायी विभाग द्वारा आज जारी प्रस्ताव के अनुसार समिति संविधान के अंतर्गत चुनाव के संबंध में वर्तमान नियमों और व्यवस्थाओं तथा अन्य संबंधित सांविधिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए देश में लोकसभा और राज्यों के विधानसभा, नगर पालिका और पंचायत स्तर के चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं की जांच करेगी और इस संबंध में संविधान तथा 1950 तथा 1951 के जनप्रतिनिधित्व अधिनियमों में विशिष्ट संशोधनों की सिफारिश करेगी।

मंत्रालय ने कहा कि उच्चस्तरीय समिति देश में पंचायत से लेकर लोकसभा तक के चुनाव एक साथ कराने के संबंध में संविधान और अधिनियमों में संशोधन के अलावा संबंधित नियमों और अन्य कानूनों में भी आवश्यक संशोधन की सिफारिश करेगी। विधि मंत्रालय ने प्रस्ताव में कहा है, उच्च स्तरीय समिति अपने काम तत्काल शुरू करेगी और यथासंभव अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। इसका मुख्यालय दिल्ली में होगा और यह अपनी बैठकों तथा अन्य कार्यों की प्रक्रिया स्वंय तय करेगी।

दीनदयाल रसोई की थाली अब.... इसके साथ ही उन्होंने 38 हजार से अधिक आवासहीनों को आवास के लिए भूमि के पट्टे वितरित करने की शुरुआत की। श्री चौहान ने प्रतीक स्वरूप भोपाल जिले के हितग्राहियों को पट्टे प्रदान किए। साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 2 हितग्राहियों को 50-50 लाख रुपए के चैक भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री से हितलाभ प्राप्त करने वाली बहन श्रीमती सीमा बाई, सोरम बाई, सुषमा शर्मा, सुनीता लोहार ने उन्हें राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसी भी नगरीय निकाय में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी। कायाकल्प अभियान के अंतर्गत 8 सौ करोड़ रुपए जारी किए गए हैं, साथ ही 12 सौ करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री चौहान ने सभी नगरीय निकायों को सड़कों की मरम्मत आदि के कार्य तत्काल आरंभ करने के निर्देश दिए।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया गरीबों को नि:शुल्क पट्टे उपलब्ध कराने का निर्णय ऐतिहासिक है। लोगों का गरीबी रेखा से ऊपर आना श्री चौहान के प्रभावी नेतृत्व और मार्गदर्शन से ही संभव हुआ है।

कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय तथा अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री को सुरजना तथा तुलसी का पौधा भेंटकर मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्वागत किया। कार्यक्रम से सभी नगरीय निकाय वर्चुअली जुड़े। महापौर श्रीमती मालती राय ने आभार माना।

म.प्र.पू.क्षे.वि.वि कं.लि. नगर संभाग सागर

सागर शहर अंतर्गत स्मार्ट सिटी सागर के द्वारा स्मार्ट रोड निर्माण में बाधक आ रहे विद्युत पोलो की शिफ्टिंग किया जाना है जिसके कारण उक्त दिनांक में सुबह 06.00 से 08.00 तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

क्रं.	दिनांक	दिन	उपकेन्द्र / फीडर	प्रभावित क्षेत्र	संबंधित अधिकारी
1	04.09.2023	सोमवार	33 kv तिली मेनपानी +11 kv टेम्पो तिराहा	33kv HT कनेक्शन दलिया मिल, तिली गाव, टेम्पो तिगड्डा, बैंक कालोनी, तिरुपति पुरम, अशोक विहार, बालक काम्प्लेक्स, इत्यादि क्षेत्र।	सहायक अभियंता सी.एस.पटेल 9425450493 कनिष्ट अभियंता मिलन परतेती 9479829276
2	05.09.2023	मंगलवार	11 kv शास्त्री वार्ड + 11 kv काकागंज	भगवानगंज, रेलवे प्लेट फार्म नं. 1, मोमिनपुरा, विश्वभर्ती रोड, गुरुगोविंद सिंह वार्ड, बजाज शो रूम, मल्लपुरा, शास्त्री वार्ड, शुक्ला गली, कबूला पूल, कछियाना मुहाल सदर, राहतगढ़ फाटक, बाईसा बड़ी माता, विजय टॉकीज, रामपुरा, इतवारी टोरी इत्यादि क्षेत्र।	
3	06.09.2023	बुधवार	33 kv तिली मेनपानी	33kv HT कनेक्शन दलिया मिल इत्यादि क्षेत्र।	
4	08.09.2023	शुक्रवार	11 kv शास्त्री वार्ड + 11 kv काकागंज	भगवानगंज, रेलवे प्लेट फार्म नं. 1, मोमिनपुरा, विश्वभर्ती रोड, गुरुगोविंद सिंह वार्ड, बजाज शो रूम, मल्लपुरा, शास्त्री वार्ड, शुक्ला गली, कबूला पूल, कछियाना मुहाल सदर, राहतगढ़ फाटक, बाईसा बड़ी माता, विजय टॉकीज, रामपुरा, इतवारी टोरी इत्यादि क्षेत्र।	

नोट: आवश्यकतानुसार समय अवधि घटाई बढाई जा सकती है 'बिजली संबंधित शिकायतों की त्वरित निराकरण के लिए 1912 डायल करें।'

'उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है'

कार्यपालन अभियंता
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि कं.लि. नगर संभाग सागर

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - सागर (म.प्र.)

कमांक/1024/खनिज/2023 सागर, दिनांक 24.08.2023

प्रथम सूचना

सागर जिले में म.प्र. राजपत्र दिनांक असाधारण दिनांक 22.01.2021 के पालन में गौण खनिज पत्थर (केशर द्वारा गिट्टी निर्माण हेतु) के ऑन लाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए है । उत्खनन पट्टा आवेदन पत्रों का विवरण निम्नानुसार है-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

क्रं.	आवेदक का नाम व पता	तहसील व जिला	ग्राम	खसरा नंबर	रकवा	भूमि का प्रकार निजी/ अन्य	खनिज का नाम	आवेदन दिनांक	रिमार्क
1	श्रीमती सारिका ठाकुर पत्नी श्री लाखन सिंह पता-ग्राम अटारी बेरखेडी, तह. देवरी जिला सागर	तह.देवरी जिला सागर	छेवला	109/1	10.000	शासकीय भूमि	पत्थर (यांत्रिकी क्रिया द्वारा गिट्टी निर्माण) हेतु	24.08.2023	उत्खनन पट्टा आवेदन पत्र

(1) उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 30 दिवस के भीतर (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। (2) यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र.गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा । (3) यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदन भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। (4) यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। (5) निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला-सागर

जी-19107/23

अनाधिकृत व्यक्ति के दखल से नाराज भाजपा पार्षदों ने किया बहिष्कार, अकेले मंच पर बैठे नजर आए नपाध्यक्ष

टीकमगढ़, देशबन्धु। शहर के सिविल लाईन मार्ग पर सर्किट हाउस के सामने शनिवार को दीनदयाल रसोई का शुभारंभ अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया। इस कार्यक्रम के साथ भूमिहीनों को पट्टा वितरण भी किया जाना था। लेकिन यहां किसी भी हितग्राही को योजना का लाभ नहीं मिला पाया। आमंत्रण न मिलने से नाराज भाजपा पार्षदों ने मंच पर बैठने से मना कर दिया। कांग्रेस के नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक मंच पर अकेले बैठे दिखे। वहीं नगर पालिका के कुछ कर्मचारी ही कार्यक्रम में शामिल हुए।

नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने सीएमओ गीता मांझी पर अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नपा सीएमओ के निर्देश पर एक बाहरी व्यक्ति मदन सोनी सरकारी क्वार्टर में किस हक से रहता है। इसके साथ ही उन्होंने उक्त व्यक्ति द्वारा सरकारी कार्य करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि मदन सोनी नामक व्यक्ति नगर पालिका के सभी कार्यो को करता है, यहां तक कि उसके द्वारा नोटसीटें भी लिखी जाती है। उनके हिसाब से काम न करने पर श्री सोनी कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए देखे गए। जिससे नेता प्रतिपक्ष नाराज हो गए और अव्यवस्थाओं को लेकर अपने साथी पत्रकारों के साथ मिलकर मंच का बहिष्कार कर दिया और नीचे लगी कुर्सियों पर जा बैठे। गौरतलब है कि पूर्व नपाध्यक्ष लक्ष्मी गिरी के कार्यकाल में सर्किट हाउस के सामने दीनदयाल रसोई की शुरुआत की गई थी। 3 सालों तक व्यवस्थित रूप से संचालित होने के बाद कोरोना काल में इसे बंद कर दिया गया था। लंबे समय से दीनदयाल रसोई बंद होने के कारण शहर के निराश्रित और गरीब तबके के लोगों को भोजन के लिए परेशान होना पड़ रहा था। शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर पालिका सीएमओ गीता मांझी के निर्देशन में दीनदयाल रसोई एक बार फिर शुरू की गई। इस मौके पर पार्षद राजीव जैन, अजय यादव, महेश साहू, कांग्रेस पार्षद जसवंत वाल्मीकि, अनीश खान, हबीब राइन, रामकुमार यादव सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

गुणवत्तापूर्ण मिले भोजन

दीनदयाल रसोई के शुभारंभ के मौके पर नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने दीनदयाल रसोई व्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर दिन शहर के गरीब और निराश्रित लोगों को इसमें साफ, स्वच्छ और गुणवत्ता पूर्ण भोजन कराया जाए। ताकि ग्रामीण क्षेत्र से शहर में आने वाले गरीब लोगों को भोजन के लिए परेशान न होना पड़े। गफ्फार ने कहा कि पैसे नहीं होने पर भी सभी गरीबों को भोजन कराया जाए। जिनके पास भोजन के लिए 5 रुपए भी ना होए उन्हें वापस नहीं लौटाएं। ऐसे लोगों के भोजन की राशि मैं स्वयं जमा करूंगा।

इनका कहना है-

अधिकारी सहयोग के रूप में किसी भी व्यक्ति से कार्य करा सकता है। पार्षद जबरन का मुद्दा बना रहे है। उन्हें चाहिए कि अपने वार्डो में आकर जनता की समस्याओं का निराकरण करें। वह हर मामले में मुझ पर अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास करते है। अधिकृत रूप से नोटसीट पर साईन मेरे ही किए जाते है। उनके द्वारा लगाए जा रहे सभी आरोप निराधार व असत्य है।

गीता मांझी
सीएमओ, नगर पालिका, टीकमगढ़

3 लाख की लागत से नवीन टीनशेड व प्रवेश द्वार का होगा निर्माण

टीकमगढ़, देशबन्धु। शहर के पशु अस्पताल के पास विधायक निधि से स्वीकृत घायल गौवंश के उपचार एवं आश्रय स्थल के लिए आसरा गौ सेवा केंद्र में नवीन टीनशैड एवं प्रवेश द्वार निर्माण का शनिवार को विधायक राकेश गिरी ने जनप्रतिनिधियों एवं धजरई महंत सीताराम महाराज, फलहारी महाराज सहित गौ सेवकों के साथ विधि विधान से गौ पूजन कर भूमि पूजन किया। इसके साथ ही विधायक राकेश गिरी ने गौ माता को फल खिलाए।

इस दौरान विधायक राकेश गिरी ने भूमि पूजन के दौरान सभी गौ सेवकों सहित महंत सीताराम महाराज एवं फलहारी महाराज का शाल श्रीफल से सम्मान किया। वही विधायक राकेश गिरी ने कहा कि गौ सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। आसरा गौ सेवा केंद्र के गौ सेवकों द्वारा यह जो कार्य किया जाता है, यह बहुत ही बड़ा कार्य है। इनके द्वारा घायल हुई गायों का पहुंच कर इलाज किया जाता है एवं उन्हें यहां केंद्र में लाकर उनकी सेवा की जाती है। वहीं उन्होंने बताया कि आसरा गौ सेवा केंद्र की स्थिति को देखते हुए मेरे द्वारा यहां 3 लाख रुपए की लागत से टीन सेट निर्माण एवं प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का आज विधि विधान से भूमि पूजन कर दिया गया है। साथ ही इसका जल्द से जल्द काम लगाकर इसे पूर्ण कर दिया जाएगा, जिससे कि घायल हो रही गायों का इलाज सही ढंग से हो सके। उन्होंने कहा कि जो यह कार्य इन सभी गौ सेवको के द्वारा किया जाता है, इस कार्य को हम सभी को मिलकर करना चाहिए, यह एक सबसे बड़ा कार्य है। आप सभी यह कार्य मिलकर करें और सभी को सोशल मीडिया के माध्यम से यह कार्य करने के लिए प्रेरित करें, ताकि शहर में हो रही घायल गायों को हम तत्काल ही इलाज दे सकें। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ललित अहिरवार, राहुल तिवारी मंडी, रिंकू मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ जन अनेक लोग मौजूद रहे।

नवागत थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने सरपंचों से की मुलाकात

पलेरा, देशबन्धु। स्थानीय नगर में बीते शनिवार को नवागत थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक ली। इस दौरान थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने सरपंचों को महिला एवं बाल अपराध, बाल विवाह, यातायात नियम के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा थाना क्षेत्र में बढ़ती अवैध शराब बिक्री की घटना की सूचना देने के लिए कहा। गांव में संभावित चोरी, लूट, डकैती, अवैध शराब बिक्री जैसे अपराधों को रोकने एवं मदद करने को लेकर उनके द्वारा अपील की गई। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने गांव की समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा कर उन्हें ग्राम सरपंचों तथा पुलिस के प्रति उनकी जवाबदेही व दायित्वों तथा विधानसभा चुनाव में उनकी विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में भूमिका एवं कार्यों को बताया। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने व संदिग्ध और बदमाश किस्म के व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें। इस दौरान सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश यादवए, डीके यादव, गणेश गुप्ता, महक यादव, बृजेश अहिरवार, भगवान सिंह, अंशुल तिवारी समेत अनेक सरपंच उपस्थित रहे।

महेन्द्र सागर तालाब की सफाई कराने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

टीकमगढ़, देशबन्धु। नगर की लाइफ लाईन कहते जाने वाले महेन्द्र सागर तालाब की साफ-सफाई को लेकर शहर के नागरिकों द्वारा मांग की जा रही है। जिसको लेकर महेन्द्र सागर तालाब बचाओ समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार दौंदेरिया ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। जिसमें बताया गया कि नगर की लाईफ लाईन माने जाने वाले महेन्द्र सागर तालाब में विगत लंबे अंतराल के बाद काफी अच्छा भराव हुआ है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तालाब में जलकुंभी व खरपतवार फैला हुआ है। तालाब के संरक्षण के नगर के युवा एवं समाजसेवी व मातृ शक्ति संगठन के सदस्यों ने लगातार श्रमदान करते हुए तालाब के घाटों की साफ-सफाई कर रहे है। जिसमें प्रशासन द्वारा कोई सहयोग नही किया जा रहा है। तालाब का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है। बिना प्रशासन के सहयोग के तालाब की साफ-सफाई करना असंभव है। जिससे नागरिकों में रोष व्याप्त है। अगर इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो, सभी सामाजिक संगठनों ने उग्र आंदोलन व भूख हड़ताल करेंगे। नागरिकों ने महेन्द्र सागर तालाब को संरक्षित करने क लिए कलेक्टर से मांग की है।

नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

टीकमगढ़, देशबन्धु। थाना बुडेरा पुलिस ने एक नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी बुडेरा रश्मि जैन ने बताया कि पीड़िता के द्वारा थाना अजाक टीकमगढ में आरोपीगण हिंद सिंह यादव व पृथ्वीसिंह अहिरवार निवासी ग्राम भैरा ने 31 अगस्त की शाम 5 बजे जब वह शौच के लिए जा रही थी, तभी पहाड़ी के पास बने चबूतरा पर रास्ता रोक कर जबरन बलात्कार किया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 328, 376डी, 323 ताहि, 5/6पोक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। थाना प्रभारी बुड़ेरा ने मामले के दोनो आरोपियो को तत्काल गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की। पुलिस ग्राम नादेर छापछोल थाना सोजना पहुंची। जहां आरोपी पृथ्वी पिता तुलसी अहिरवार उम्र 20 साल निवासी ग्राम भैरा की तलाश की, जो ग्राम छापछोल के हार खेत में दस्तयाव हुआ। जिसने जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया। आरोपी हिंद सिंह यादव पिता गनेश यादव उम्र 22 साल निवासी ग्राम भैरा जो अपने खेत से दस्तयाव किया गया है। जिसने जुर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। कार्यवाही में थाना प्रभारी बुडेरा उनि रश्मि जैन, अनिल रिछारिया, रतिराम अहिरवार, विजय वर्मा, अंकित दिवेदी, शीतल सेन, चालक दीपचन्द्र शामिल रहे।

महिला सरपंच का सम्मान कर मुख्यमंत्री का जताया आभार

पलेरा, देशबन्धु। जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत टौरिया की महिला सरपंच श्रीमती गीता-बृजेश अहिरवार के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य की चर्चा समूचे गांव क्षेत्र में की जा रही है। मुख्यमंत्री पेयजल योजना की मंजूरी मिलने के बाद गांव की तमाम महिलाओं ने सरपंच गीता-बृजेश अहिरवार का पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया है। टौरिया गांव की सरपंच श्रीमती गीता अहिरवार ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रता के अनुसार प्रत्येक परिवार को मिलेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पेयजल की विकराल समस्या से जूझ रही ग्राम पंचायत टौरिया को मुख्यमंत्री पेयजल योजना की सौगात देने पर ग्राम पंचायत की ओर से मुख्यमंत्री एवं विधायक हरिशंकर खटीक का हम आभार व्यक्त करते हैं। सरपंच श्रीमती गीता अहिरवार ने कहा कि अब जल्द ही पेयजल योजना का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2 करोड़ 67 लाख की लागत से तैयार की जा रही मुख्यमंत्री पेयजल योजना के चलते अब ग्रामीण जनता को पेयजल की किल्लत का सामना अब नहीं करना पड़ेगा।

जुआ के फड़ पर पुलिस ने मारा छापा, 5 आरोपी दबोचे

टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी द्वारा जिले में जुए, सट्टा एवं मादक पदार्थों की रोकथाम एवं प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली में एसडीओपी रोहित कटारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली आनंद राज द्वारा बंडा पुल के पीछे खेतों में चल रहे हुए के अड्डे पर छापा मार कार्रवाई करवाते हुए 5 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा है। जबकि चार व्यक्ति अन्य फरार हो गए हैं। जुआरियों के पास से 7100 नगद एवं ताश के 52 पत्ते जप्त किए। पकडे गए जुआरियो में जब्बार खान, रईस खान, हसन खान, पप्पू सेन, गोविंद कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, इसराइल खान, बल्लन कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा के नाम शामिल है। वहीं मौके से भाग खड़े हुए जुआरियों की तलाश जारी है। जल्द ही उन पर भी प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, आरक्षक मुकेश उपाध्याय, आरक्षण निरंजन आरक्षक, आनंद शामिल रहे।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस सप्ताह पर निकली साक्षरता रैली

जतारा, देशबन्धु। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस सप्ताह की साप्ताहिक गतिविधियों के दौरान जन जागरूकता के लिए साक्षरता रैली का आयोजन विकासखंड स्तर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल अंतर्गत समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में रैली का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तर पर रैली को नगर परिषद अध्यक्ष रामजी नायक की अध्यक्षता में स्नातक महाविद्यालय जतारा के प्राचार्य रमेश अहिरवार, बीआरसी एकेडमिक समन्वय उत्तम सिंह पायक एवं कन्या उण्माावि जतारा के प्राचार्य महीप सिंह पायक, सीएम राईज प्रभारी प्राचार्य डीके जैन, विशिष्ट अतिथियों द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। संपूर्ण नगर में साक्षरता के नारे उद्घोष करते हुए भ्रमण किया गया। छात्र-छात्राओं एवं आंगनवाड़ियों को असाक्षर चिन्हांकन प्रपत्र नोट कराया गया। एवं अपने निवास स्थान के पड़ोस के तीन-तीन घरों में असाक्षरों के सर्वे के लिए निर्देशित किया गया।

वहीं ग्रामीण स्तर पर भी सरपंच, प्रतिनिधि की उपस्थिति में रैली का शुभारंभ शाला प्रभारी, शिक्षक, अक्षर साथी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं के समन्वय से किया गया। इस अवसर पर संतोष सौर प्रधान अध्यापक, राजकुमार जैन विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद, राकेश कुमार साहू समन्वयक साक्षरता, प्रेम नारायण सैनी जन शिक्षक, मनोहर लाल विश्वकर्मा जन शिक्षक, मोहन सिंह खंगार सह समन्वयक साक्षरता, बलराम विश्वकर्मा सहसमन्वयक साक्षरता, सुधीर जैन प्रधान अध्यापक, विवेक खरे प्रधान अध्यापक, राजेश भार्गव प्रधान अध्यापक, भगवान दास लक्षकार सहायक शिक्षक, शहनाज खान सहायक शिक्षक, मुकेश यादव प्राथमिक शिक्षक, शकील खान प्राथमिक शिक्षक, शेख अनवर प्राथमिक शिक्षक, श्रीमती रचना गौतम सहायक शिक्षिका, दीपमाला वाल्मीकि, आभा खरे, तारा टोप्पो, साधना श्रीवास्तव एवं असाशकीय राधाकृष्णन पब्लिक स्कूल तथा डैफोडिल हाई स्कूल जतारा के शिक्षक उपस्थित रहे।

कैसे मिलेगी बिजली उपभोक्ताओं को राहत

विभाग ने एक साल पहले ही एक की जगह 2 किलो वाट के कर दिए घरेलू कनेक्शन

जतारा, देशबन्धु। सरकार के द्वारा भले ही लाखों बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए उनके एक किलो वाट तक के बिजली बिल 31 अगस्त स्थगित कर दिए हैं। जबकि लोगों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के पहले सरकार के द्वारा जनता को अपने पक्ष में लाने और उनको लुभाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। शायद यही वजह है कि सरकार के द्वारा चुनावी वर्ष में बिजली उपभोक्ताओं भले ही यह बड़ी राहत है।

लेकिन विभाग के अधिकारियों के द्वारा बिजली विभाग के उपभोक्ताओं के घरों पर ना तो मीटर लगे हैं और बिना रीडिंग लिए ही बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल पर मैसेज जारी कर दिया गया था, जिससे सवाल यह उठता है कि पहले ही विभाग ने एक साल पहले हजारों उपभोक्ताओं के मोबाइल पर बिजली लोड खपत के नाम पर एक मैसेज जारी किया था और सभी उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन 2 किलो वाट के कर दिए गए थे, यह एक जांच का विषय है। लेकिन हालात यह है कि सरकार के इस आदेश के बाद जहां उपभोक्ता सरकार

के इस आदेश से राहत की बात कह रही है। तो वहीं बिजली विभाग के अधिकारी यह कह रहे हैं कि यह कोई बड़ी राहत नहीं है। कितने बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, जिसकी सूची जिला स्तर से तैयार की जा रही है। बताते चलें कि जतारा विधानसभा क्षेत्र में देखा जाए, तो यहां पर लगभग 24 हजार घरेलू बिजली उपभोक्ता है। जिसमें से आठ हजार बिजली उपभोक्ताओं ऐसे हैं, जिसका लाभ ऐसे उपभोक्ताओं को राहत के नाम पर मिल सकता है। जबकि विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं को झटका देने की तैयारी पहले ही कर ली गई थी, जबकि सरकार ने चुनावी वर्ष में हजारों बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए एक किलो वाट की खपत के दायरे में आ रहे हैं। उपभोक्ताओं के बिजली बिल स्थगित किए जाने की बात कही है। जबकि विभाग के अधिकारियों कहना है कि अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है कि आठ हजार बिजली उपभोक्ताओं हो सकते या अधिक भी हो सकते हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने बताया कि यह चुनावी साल में जनता को लुभाने की झूठी घोषणा करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जनता को अगर बिजली विभाग के नाम पर राहत देना थी, तो बिजली बिल माफ़करना चाहिए थे। जबकि भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष किशन पटेरिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश तिवारी का कहना है कि कांग्रेस पार्टी का काम है जनता को गुमराह करना है। भाजपा पार्टी की सरकार हमेशा जनता को लाभ देने का प्रयास कर रही है।

इनका कहना है-

इस संबंध में विद्युत मंडल जतारा के सहायक यंत्री कपिल माथुर ने बताया कि शासन ने बिजली बिल 1 किलो वाट तक के सभी उपभोक्ताओं के स्थगित करने का आदेश जारी किया है। जिसकी सूची तैयार की जा रही है। जतारा डिवीजन के अंतर्गत 24 हजार बिजली उपभोक्ता है। जिसमें लगभग 8 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं, जो एक किलो वाट के दायरे में आ रहे, लेकिन शासन की योजना का लाभ देने के लिए जिले स्तर से सूची तैयार की जा रही। उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

सार समाचार

अक्षत ने प्रथम स्थान अर्जित कर किया जिले को गौरवान्वित

दमोह देशबन्धु। प्रतिभा सम्मान योजना राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित वर्ष 2022-23 की परीक्षा में अक्षत पिता अमित सिंह ठाकुर ने सागर संभाग में प्रथम स्थान अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया है। सी एम राईज स्कूल दमोह की कक्षा सातवीं में अध्ययनरत अक्षत ने मध्य प्रदेश में 19वां स्थान अर्जित किया है। सागर कलेक्टर द्वारा एक समारोह में अक्षत सिंह ठाकुर को गोल्ड मेडल, सर्टिफिक्रेट एवं 1200 का चेक दिया। इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता, परिवारजन एवं शिक्षक गर्वित है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

दमोह देशबन्धु। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा दमोह ने हटा नगर मे स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में 3 सितम्बर रविवार को एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा, जिसमें जबलपुर के सेल्वी हॉस्पिटल एवं दमोह के सिटी हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ कार्डियोलॉजिस्ट, छाती, दमा एवं स्वास्थ्य चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क जाँच कर इलाज किया जाएगा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा जिला अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का प्रथम आयोजन हटा नगर में किया जा रहा है। इस तरह के विविध आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा दमोह के द्वारा जिले भर में आयोजित किए जाएंगे। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने लोगों से अपील की है कि वह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में अधिक संख्या में आकर अपनी जांच करावे एवं कार्यक्रम को सफल बनावे।

अग्रवाल महिला मिलन ने पौधा रोपण किया

दमोह देशबन्धु। पूर्व महिला मिलन अध्यक्ष अनीता के.सी.अग्रवाल की पहल से अग्रवाल महिला मिलन समिति ने 27 अगस्त को पौधारोपण व संरक्षण का संकल्प लिया था। जिसके तहत वैश्य सामुदायिक भवन के बाजू से बने पार्क में पौधों का रोपण किया गया था । समिति की महिलाओं ने निर्णय लिया कि जन्मदिन मैरिज डे व किसी अहम् दिन के उपलक्ष में पार्क में पौधों रोपण कर उनका संरक्षण भी करेंगे। महिला मिलन पूर्व अध्यक्ष कुसुम, जीवन लाल वर्तमान सचिव, सपना अग्रवाल, मनोज अग्रवाल के जन्मदिन पर व शीला डाक्टर जे .पी. पसारी, नेहा मजिस्ट्रेट सुशील अग्रवाल ने स्वेच्छा से व अखिल भारतीय महासभा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल की मां स्वर्गीय आशा किशोरी लाल की पुण्य स्मृति में पौधारोपण किया व संरक्षण की जिम्मेदारी ली। इस कार्यक्रम में पूर्व महिला मिलन अध्यक्ष कुसुम, पूर्व महिला मिलन अध्यक्ष सुमित्रा, पूर्व महिला मिलन अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, सहसचिव वीणा, निशा, वासु, अखिल भारतीय महासभा संभागीय अध्यक्ष विकास, वैश्य महासम्मेलन संभागीय युवा अध्यक्ष जुगल अग्रवाल, सपना अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल की उपस्थिति रही।

माध्यमिक शाला लिधौरा में साक्षरता रैली का हुआ आयोजन

दमोह देशबन्धु। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशन में जिले को शत-प्रतिशत साक्षर करने हेतु उल्लास नव भारत साक्षरता के अंतर्गत साक्षरता सप्ताह का आयोजन विकासखंड बटियागढ़ की माध्यमिक शाला लिधौरा में साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक माधव पटेल ने बताया गांव में पूर्ण साक्षरता हेतु असाक्षर लोगो का चिन्हांकन कर सामाजिक चेतना केंद्रो में कक्षाओं में संचालन कर साक्षर करने का कार्य किया जा रहा है। शिक्षक जगपाल सिंह द्वारा रैली के माध्यम से लोगो को साक्षरता के महत्व से अवगत कराया गया।

भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर बाजी मारी अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों के नाम पर संशय में बरकरार

दमोह/पथरिया देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र 54 पथरिया का गठन 1662 में हुआ पहले विधायक स्वतंत्र विधायक रामेश्वर,1967 कांग्रेस के.भाओं सिंह,1972 कांग्रेस गोपालदास,1977 जनता पार्टी जीवनलाल,1980 कांग्रेस आई गोपालदास,1985 कांग्रेस श्यामलाल, 1990 भाजपा मणिशंकर सुमन,1993 कांग्रेस कालूराम खटीक, 1998 भाजपा गणेशराम खटीक, 2003 भाजपा सोना बाई अहिरवार, वही सामान्य सीट होने पर पहले विधायक 2008 भाजपा डा.रामकृष्ण कुसमरिया, 2013 भाजपा लखन पटेल, 2018 बसपा रामबाई सिंह है मतलब करीब 62 वर्षों में 13 विधायक क्षेत्र को मिलें जिसमें गठन होने पर शुरूआत में निर्दलीय से हुई और उसके बाद 2018 में बसपा से वाकि भाजपा कांग्रेस से क्षेत्र में 5-5 बार विधायक चुने भाजपा को लगातार 20 वर्ष मिलें उसके बाद भी क्षेत्र में विकास कार्य की गति में रफ्तार नही मिली जो होना थी वह नही मिल पाई आज भी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार,पानी, पुल निर्माण कार्य समस्याओं का सुलभ साधन नही।

वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव में 21 उम्मीदवार ने क्षेत्र में अपना भाग्य आजमाया पर जनता ने ऐसा जनादेश दिया कि हर कोई हक्का बक्का रह गया। वही इस वर्ष नवंबर 2023 में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा जिसकी अधिसूचना जारी होने में लगभग अभी डेढ़ माह का समय शेष बचा है पिछले पंचवर्षीय में बसपा की जीत से अब भाजपा,कांग्रेस,बसपा मुख्य किरदार में नजर आएंगे वही पिछले चुनाव की बात करें तो भाजपा दूसरे व निर्दलीय उम्मीदवार तीसरे पर कांग्रेस चौथे नंबर पर रही जिससे एक बात तो साफ हो गई कि अभी तक क्षेत्र में जो जातिगत समीकरण का खेल खेलने की बात करते रहते हैं उनको 2018 में जबाब मिल गया और फिर भी ऐसा ही माहौल बनाया तो इस बार फिर नये समीकरण बनते देर नही लगेगी और फिर आश्चर्यजनक परिणाम जनता दें सकती है क्योंकि अभी यह क्षेत्र जातिगत समीकरण के चलते चर्चाओं में था अब जनता सब जानती है कि अगर चुनाव में ऐसे समीकरण फिर बनें तो परिणाम फिर से हट कर दें सकतें हैं।

वैसे इस बार भाजपा ने अपने प्रत्याशी का नाम घोषित कर प्रचार प्रसार के लिए समय भी पर्याप्त दिया है ताकि जनता के बीच जाकर अपनी बात रख सकें पिछला चुनाव करीब 2205 मतों से पराजित हुए थे तीसरे स्थान पर निर्दलीय व चौथे नंबर कांग्रेस का रहा इस बार पूरी दमखम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है वैसे जब तक कांग्रेस बसपा अपने उम्मीदवार घोषित नही किया तब तक कुछ भी अंदाजा लगाना संभव नहीं दिख रहा है वही कांग्रेस से इस बार उम्मीदवार 3-4 नाम ऐसे हैं जिनकी तैयारी बहुत दिनों से चल रही है बसपा में वर्तमान विधायक के अलावा अभी कोई दावेदार नही दूसरे दल के जरूर कुछ दांव खेलने की जुगाड़ में लगे हैं कि अगर इस पार्टी से नही तो उससे मिल जाए। निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में रहेंगे। कुल मिलाकर देखा जाए तो पथरिया सीट एक ऐसी स्थिति में है जहां कौन कब करवट बदल लें कुछ कहा नही जा सकता है।

विधानसभा में जातियों का अनुमानित आंकड़े

पथरिया विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2018 में कुर्मी समाज की अधिक वोटें हैं। जिनमें कुर्मी 37 हजार, लोधी 32 हजार, अनुसूचित जाति के 40 हजार, कुशवाहा समाज के 15 हजार वाकि अन्य समाज के मतदाता 1 लाख के आसपास है।

नवंबर में हो सकते है चुनाव

इन दिनों मध्य प्रदेश में मतदाता सूची का पुनरीक्षण जारी है, जिसमें नए मतदाताओं के नाम भी जोड़े जा रहे हैं इसमें 1 अक्टूबर 2023 को 18 साल की उम्र पूरी कर रहे लोग भी अपना नाम जुड़वा सकते हैं और वे इस विधानसभा चुनाव में वोट भी डाल सकेंगे। पूरी स्थिति को देखें तो नवंबर माह में ही चुनाव होने की उम्मीद जताई जा रही है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव आयोग करीब 10 दिनों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। ऐसे में उम्मीद है कि मध्य प्रदेश में 15 अक्टूबर से पूर्व आचार संहित लग सकती है। वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र पथरिया में 231084 कुल मतदाता 5 जनवरी 2023 के अनुसार है वही मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का कार्य पहले 31अगस्त रहा लेकिन अब 11 सितम्बर तक किया जा रहा है जिसमें 1 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले मतदाता भी शामिल होंगे मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन चुनाव आयोग द्वारा 4 अक्टूबर को किया जाना है उसमें मतदाता संख्या कुछ बढ़ सकती हैं। पिछले विधानसभा चुनाव की बात करें तो एक ही चरण में मतदान 28 नवंबर को रहा।

पटवारी संघ की छटवे दिवस की हड़ताल जारी, सुंदरकांड का हुआ आयोजन

दमोह देशबन्धु। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर लगातार छटवे दिन भी अनिश्चितकालीन हडताल पर रहे। जिसमें शनिवार 2 सितंबर 2023 को दमोह में आयोजित पटवारी संघ की हड़ताल में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया और उसमें सभी भजन मंडली गायक मंडली तथा पटवारी उपस्थित रहे।

भजन पूजन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया साथ ही मध्य प्रदेश पटवारी संघ के पंडाल में पथरिया की विधायिका रामबाई उपस्थित हुई और उनके द्वारा अपनी ओर से पूर्ण समर्थन मध्यप्रदेश पटवारी संघ की मांगों को प्रदान किया गया एवं विधायक पथरिया द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को पटवारी की विभिन्न मांगों को उनके निराकरण किये जाने हेतु पत्र लिखा जाएगा। जिसकी एक प्रति पटवारी संघ को भी प्रदान करेगी।

विनोद राय ने जनसम्पर्क किया

दमोह/नोहटा देशबन्धु। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष विनोद राय ने खमरिया मौजीलाल एवं हरई में जनसंपर्क किया। वहां पर चल रही तीन दिवसीय अखंड रामायण में भी शामिल हुए।

विधानसभा निर्वाचन की तैयारी शुरू मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न

दमोह देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने समस्त मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा सभी मास्टर ट्रेनर सभी बिंदुओं का बारीकी से अध्ययन कर लें, तभी मतदान दल के सदस्य मतदान के सभी बिंदुओं को अच्छी तरह से समझ सकेंगे तथा निर्वाचन निर्विघ्न संपन्न होगा। ईव्हीएम मशीन निर्धारित स्थलों पर उपलब्ध है, ईव्हीएम प्रदर्शन सेंटर में जाकर वहां पर प्रयोग करके देखा जा सकेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने कहा प्रशिक्षण में नए पॉइंट्स आ रहे है, प्रोटोकॉल में बदलाव किये गये है उनको समझना हमारे लिए आवश्यक है। इसे ध्यान से देख लें, हर बार कुछ बदलाव हमेशा रहते है, जिनका ध्यान रखना आवश्यक रहता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने सभी मास्टर ट्रेनर को आस्वस्त किया कि प्रशिक्षण में सभी व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा की जावेगी मास्टर ट्रेनर्स को पूर्ण अनुशासन के साथ बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान करना है, समस्त विकास खण्डों के 80 मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सहायक नोडल अधिकारी एसएन हसन, डीपीसी मुकेश द्विवेदी, डॉक्टर आलोक सोनवलकर, मोहन राय, दिलीप जोशी व मुकेश गुजरे द्वारा पीपीटी वह ईवीएम मशीन द्वारा दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार मोहित जैन भी मौजूद थे।

रक्षाबंधन वात्सल्य व मुनि रक्षा का पर्व है : मुनिश्री

दमोह/पथरिया देशबन्धु। विरागोदय धर्मधाम में जैन धर्म द्वारा किया गया धर्मसभा का आयोजन, रक्षाबंधन त्योहार का बताया महत्व रक्षाबंधन पर्व वात्सल्य पूर्णिमा 700 जैन मुनियों की रक्षा का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन वात्सल्य पूर्णिमा 700 जैन मुनियों की रक्षा का प्रतीक पर्व है। भारतीय पर्वों में रक्षाबंधन का महत्वपूर्ण स्थान है। यह त्यौहार भारतीय जनजीवन में भ्रातृत्व प्रेम एवं सौहार्दपूर्ण स्नेह की पवित्र निर्मल धारा को प्रवाहित करता है। भगिनी द्वारा भ्राता के हाथ मे बांधा गया रक्षासूत्र अबला की रक्षा का प्रतीक बन जाता है। भाई जीवनभर बहन की रक्षा का वचन देता है। रक्षाबंधन पर्व किसी व्यक्ति, परिवार और समाज विशेष का नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में मनाया जाने वाला पर्व है। हर नगर, समाज, संप्रदाय में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है भगवान मुनि सुव्रतनाथ के काल के संबंध रखने वाला यह त्योहार लगभग 57 लाख 62 हजार 964 वर्ष से अनवरत मनाया जा रहा है। इतनी प्राचीन घटना आज भी लोगों के लिए आस्था श्रद्धा को केंद्र बनी हुई है। यह विरागोदय धर्मधाम तीर्थ परिसर में जैन धर्म द्वारा आयोजित धर्म सभा में मुनि श्री विश्व नायक मुनि महाराज ने कही उन्होंने कहा कि आज का दिन वात्सल्य दिवस के रूप में जाना जाता है। यह पर्व कब शुरू हुआ इस संबंध मे मुनि श्री ने बताया की भगवान शीतलनाथ के समय से ही इस पर्व को मनाया जाता है पर्व दो प्रकार के होते हैं एक शाश्वत और दूसरे नैमित्तिक श्रावण मास का अंतिम दिन है और चातुर्मास का एक माह पूरा हो चुका है। हमें रक्षाबंधन पर्व पर वात्सल्य धर्म की शिक्षा अपने जीवन में अपनानी चाहिए। देव शास्त्र गुरू की रक्षा करने का संकल्प करना चाहिए वहीं आज भगवान श्रेयांसनाथ को मोक्ष कल्याणक भी है तथा हम सभी लाडू चढ़ाकर उन जैसे बनने की प्रार्थना करते हैं। पुरुषों का कर्तव्य है कि वे समाज के एक निर्बल पक्ष नारी का पवित्र भावनाओं के साथ उसकी रक्षा करें। अधर्म की रक्षा करने की प्रेरणा प्रदायक यह पर्व है। मुनिश्री ने बताया कि जैन संस्कृति में रक्षाबंधन पर्व का बड़ा महत्व है इसे वात्सल्य पर्व कहते हैं। इस अवसर पर भक्तों ने रक्षा सूत्र बांधकर देव, शास्त्र, गुरु की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सतीश मेडिकल,आलोक चौधरी,रवि बांसा, रोहित वांसा, संजय जैन आदि लोग उपस्थित थे।

विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को कराया गया लोक सेवा केन्द्रों का भ्रमण

दमोह देशबन्धु। राज्य लोक सेवा अभिकरण मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशन में लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत संचालित लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को प्रदाय की जाने वाले सेवाओं एवं सी.एम. जनसेवा के व्यापक प्रचार-प्रसार अंतर्गत जिले के सभी लोक सेवा केन्द्रों में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं का भ्रमण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के दमोह, पटेरा, हटा, बटियागढ, पथरिया एवं तेन्दूखेडा के लोक सेवा केन्द्रों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान लोक सेवा केन्द्रों के प्रभारियों द्वारा लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत विभिन्न विभागों की अधिसूचित सेवाओं, लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय की जाने वाली सेवाओं एवं सी.एम. जन सेवा 181 के माध्यम से प्रदाय की जा रही सेवाओं के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय की जा रही सेवाओं की प्रक्रिया एवं लोक सेवा केन्द्रों की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया।

प्रदेश महामंत्री पं मनु मिश्रा दमोह नेतृत्व में किसान कांग्रेस की बैठक संपन्न

दमोह देशबन्धु। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा किसानों के हित में घोषित योजनाओं के प्रचार प्रसार को गति देने हेतु प्रसिद्ध हनुमत धाम मंडपा इमलिया में किसान कांग्रेस की मंडल की बैठक का आयोजन किया गया इसमें मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पंडित मनु मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कमलनाथ ने किसान हित को देखते हुए जो महत्वपूर्ण घोषणा की है उनका संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में किसानों तक पहुंचने का कार्य किसान कांग्रेस के साथियों को करना चाहिए जिसमें प्रमुख रूप से 5 हॉर्स पावर तक बिजली का बिल माफकिसानों के पुराने बिजली के बिल माफकरने किसान कर्ज माफी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर 2023 में मध्य प्रदेश में कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाना एवं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लाना हम सभी का दायित्व है इसके लिए सभी को एक जुट होकर कार्य करना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष संजीव भाई किसान कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष खेमचंद नामदेव पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा धर्मेंद्र सिंह लोधी बलराम ठाकुर सत्येंद्र सिंह राजपूत जाहर सिंह, पप्पू कुशवाहा, अमित पटेल, पूर्व सरपंच इमलिया, मनके व्यास, बद्री अहिरवार, धर्मेन्द्र सिंह लोधी ठाकुर, रूपसिंह ठाकुर,लल्ली, प्रेम सिंह ठाकुर, महादेव, संजू अहिरवार, दम्मू राठौर, तीरथ सेन, एक चिश्ती समस्त मंडल सेक्टर की कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति पर्व का आयोजन 07 सितम्बर को

दमोह देशबन्धु। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप आगामी श्रीकृष्ण जनमाष्टमी को भोपाल सहित प्रदेश के अन्य स्थलों पर भक्ति पर्व का आयोजन 07 सितम्बर 2023 को दमोह जिला मुख्यालय पर किया जाना प्रस्तावित है। समारोह में संस्कृति विभाग द्वारा विशेष रूप से श्रीकृष्ण केन्द्रित नृत्य एवं भजन की सभाएँ संयोजित की जायेगी। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने वर्षाऋतु को दृष्टिगत रखते हुये समारोह के लिए स्थानीय ऑडिटोरिमय का आरक्षण, स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार एवं जिला प्रशासन की ओर से गतिविधि के समन्वय एवं संवाद के लिये कार्यक्रम में शामिल होने वाले जिले के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किये जाने तक की समस्त आवश्यक व्यवस्थायें एवं कार्यवाही किये जाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने कहा संस्कृति संचालनालय भोपाल से सतत संपर्क में रहकर शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार 07 सितम्बर 2023 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति-पर्व का आयोजन स्थानीय मानस भवन दमोह में कराये जाने की समस्त कार्यवाहियां

आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 7 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए

दमोह देशबन्धु। कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध निरंतर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दमोह रवींद्र खरे ने बताया अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में आबकारी दमोह व प्रभारी अनुरोध सेन द्वारा जबलपुर नाका एवं पॉलिटेकनिक कॉलेज के पास कुचबंदिया मुहल्ला अंतर्गत अवैध मदिरा संग्रहण एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में 7 प्रकरण दर्ज कर 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 560 किलो ग्राम महुआ लहन बरामद कर मोके पर नष्ट किया। मौका कार्यवाही कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 07 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक जगदम्बा पांडेय, हरिसिंह घुरैया, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया एवं नव आरक्षक बल शामिल रहा।

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

दमोह/हटा देशबन्धु। आकाश मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल काईखेडा में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय त्योहारों से अवगत कराना था। विद्यालय निर्देशक शोभित अग्रवाल ने विद्यार्थियों को भाई -बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन त्योहार के बारे में बताया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में कराई गई जूनियर वर्ग में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक सीनियर वर्ग में कक्षा तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई।

सभी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने आकर्षक व सुंदर-सुंदर राखियां बनाकर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में श्रीयांशी ने प्रथम, राशि ने द्वितीय तथा आयुष व श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में शिवानी पटेल ने प्रथम समर राजपूत ने द्वितीय तथा अंश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के मुख्य अथिति पप्पू कुशवाहा,वीकेश साहू,स्कूल के सहयोगी शिक्षक रानू वर्मन,काजल चौधरी,दीपा विश्वकर्मा,दुर्गा राजपूत,रामेश्वर पटेल, श्रद्धा विश्वकर्मा ने सहयोग किया।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए अपने-अपने सेक्टरों का निरीक्षण करें: श्री आर्य

सेक्टर अधिकारियों का दूसरा प्रशिक्षण संपन्न

सागर, देशबन्धु। सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को संपन्न कराने के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए संपन्न कराएं। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टर के समस्त मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें और प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। समस्त मतदान केंद्रों की स्थिति में मुख्य रूप से शौचालय, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, मतदान केंद्र पर दो दरवाजे, रैंप आदि अभी से देखें एवं न होने की स्थिति में व्यवस्था कराएं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने मतदान केंद्रों एवं संबंधित ग्राम में जाकर ग्रामवासियों से चर्चा करें और वहां की समस्त परिस्थितियों से अवगत हो। जिससे कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए आप सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट हैं और आपके अधीन अनेक शक्तियां हैं। उन शक्तियों का भी उपयोग करते हुए निर्वाचन शांतिपूर्ण निर्विघ्न रुप से संपन्न कराएं।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरी ईमानदारी निष्पक्षता के साथ चुनाव संपन्न कराएं। पुलिस आपके साथ हर समय मौजूद रहेगी। जहां भी कोई स्थिति कानून व्यवस्था की बनती है तत्काल मुझे या संबंधित थाना प्रभारी को बताएं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर अपने-अपने पास रखें, जिससे कि सभी आपस में एक दूसरे को जानकारी दे सकें। संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ में वीडियो कैमरे भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समस्त मतदान केंद्रों के संबंधित ग्रामों में आदतन अपराधियों एवं अन्य प्रकार की व्यक्तियों की अभी से जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार व्यवस्था की जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर वायपी सिंह एवं रमाकांत मिश्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निर्देशों का बिंदुवार जानकारी दी एवं कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा दी जाने वाली मार्गदर्शिका का अभी से अध्ययन कर लें, जिससे कि निर्वाचन के समय आपको किसी प्रकार की परेशानी न हो सके।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी विजय डहेरिया सहित अन्य अधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

जिले में कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहेगा: विधायक

नगर निगम क्षेत्र में सभी भूमिहीन पात्र व्यक्तियों को प्रदान किए जाएंगे पट्टे: महापौर

सागर, देशबन्धु। विधायक शैलेंद्र ने कहा कि मप्र की सरकार हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है और जिले में कोई भी पात्र व्यक्ति पटटे से वंचित नहीं रहेगा। सभी को परीक्षण के उपरांत पटटे प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर मेयर संगीता तिवारी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में कोई भी पात्र व्यक्ति पटटे से वंचित नहीं रहेगा। जो व्यक्ति पात्र है और उसका नाम छूट गया है। उसका नाम फिर से जोड़ा जाएगा। उनको पट्टे प्रदान किए जाएंगे। आज का दिन मप्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मंत्री भूपेंद्र सिंह द्वारा नगरीय निकाय के सभी पात्र व्यक्तियों को पट्टे देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा 5 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था का भी आज से शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें 5 रूपए में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के माध्यम से भोजन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ और नगरीय क्षेत्र के आवासीय भूमि के पट्टों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण जिला कलेक्ट्रेट कक्ष में विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता तिवारी, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, निगम पार्षद और पट्टाधारकों की उपस्थिति में देखा हुआ सुना गया। इस मौके पर नगरीय क्षेत्र के 97 लोगों को सांकेतिक रूप से भूमि के पट्टों का वितरण किया गया।

सार-समाचार

राज्य स्तरीय सागर गोल्डन कप हॉकी टूर्नामेंट का विधायक ने किया शुभारंभ

सागर, देशबन्धु। राज्य स्तरीय सागर गोल्डन कप हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल परिसर के एस्ट्रो टर्फ मैदान में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष एवं विधायक शैलेंद्र जैन के द्वारा किया गया। आयोजन का पहला मैच गुना एवं सागर बॉयज के बीच खेला गया जिसमें गुना की टीम विजेता रही। इस प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव मकसूद खान, गोपीलाल यादव, मनीष नेमा सहित खिलाड़ी उपस्थित थे।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक ने कुल्हाड़ी युवक को मारा, गंभीर हालत में रेफर

मालथौन, देशबन्धु। मालथौन थाना के नोनिया पुलिस चौकी अंतर्गत खटौरा गांव में पुराने पैसों के लेनदेन विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर दिया। मौके से 108 से एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार युवक चार पहिया वाहन को खड़ा कर पैदल जा रहा था घात लगाए बैठे आरोपी युवक ने सुनील नामदेव पर कुल्हाड़ी से सिर पर कई बार कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची। अस्पताल में थाना प्रभारी और तहसीलदार पहुंचकर घायल श्रवण कुमार नामदेव के बयान लिए बयानों के आधार पर आरोपी युवक भूपेन्द्र रैकवार के विरुद्ध हत्या के प्रयास धारा 307 व अन्य धाराओ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी तलाश में जुट गई। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि शनिवार के 11 बजे करीबन श्रवण कुमार उर्फ करोड़ी नामदेव ग्राम खटोरा निवासी बोलोरो कार को रखकर पैदल जा रहा था गांव का ही युवक भूपेंद्र रैकवार कुल्हाड़ी रखकर बैठा हुआ था, इनका पूर्व पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद था। जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। श्रवण कुमार की रिपोर्ट पर आरोपी भूपेंद्र रैकवार खिलाफ 307, 294, 323, 506 धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तालाश की जा रही है।

24 घंटे में चोरी के दो आरोपियो किया गिरफ्तार

बीना, देशबन्धु। पुलिस ने इटावा मंदिर के सामने से मिक्सर चोरी के मामले में 24 घंटे के अंदर चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जबकि एक आरोपी फरार है। फरियादी सुकेश जैन ने 1 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि देहरी रोड़ इटावा मंदिर के पास स्थित उनके मकान के सामने मिक्सर खड़ा हुआ था। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने तत्काल टीम का गठन कर मुखबिर से मिली सूचना और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जानकारी जुटाई, तो खुरई के खैरा नाका से आरोपी सरवन पिता हरीराम रजक 19 निवासी बांगची के कब्जे से चोरी किए गए मिक्सर को बरामद किया। इसके अलावा आरोपी सतीश पिता मदनलाल राय 19 निवासी जवाहर वार्ड बीना के कब्जे से घटना में इस्तेमाल ऑटो को बरामद किया गया है। इस मामले में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में प्रमुख रूप से बीना थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर, उपनिरीक्षक कमल सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक जागेश्वर सिंह, महेंद्र, राजा, आर. लोकेंद्र, मुकुल, सतीश, भूपेश, दलजीत, मलखान, नीरज की भूमिका सराहनीय रही।

विधायक एवं महापौर ने दीनदयाल रसोई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया लिया

सागर, देशबन्धु। जिला अस्पताल परिसर में संचालित दीनदयाल रसोई का विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर संगीता तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला एवं महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने पार्षदों और अधिकारियों के साथ रसोई की किचिन, खाना खिलाने वाले स्थल डायनिंग हॉल, वाशरूम, हेंडवाश एरिया सहित यहां की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने रसोई में भोजन करने वाले नागरिकों के साथ बैठकर भोजन भी किया और खाने को चखने के बाद गुणवत्ता देखते हुए कहा की यहां खाना अच्छा और पोष्टिक दिया जा रहा है। विधायक शैलेन्द्र जैन ने सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा निर्मित रैन बसेरा एवं दीनदयाल रसोई का निरीक्षण करते हुए दीनदयाल रसोई संचालक से जरूरतमंद लोगों को परोसे जा रहे भोजन की विस्तार से जानकारी ली उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रत्येक जरूरतमंद को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने वाली दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत नाम मात्र शुल्क 5 रूपये में बेहतर भोजन देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए एक टीम गठित कर सभी दीनदयाल रसोई की विभिन्न मानकों पर रेटिंग कराएं और प्रत्येक जरूरतमंद को बेहतर भोजन के साथ अन्य सुविधाएं सुलभ रूप से उपलब्ध कराएं। महापौर संगीता तिवारी ने दीनदयाल रसोई में भोजन कर रहे लोगों से खाने की गुणवत्ता की जानकारी ली और यहां की सेवाओं के बारे में पूछा। महापौर के पूछने पर यहां परिवार सहित भोजन कर रहे बांदरी निवासी अरविंद लोधी ने बताया की यहां 5 रूपये में अच्छा खाना हमें मिला है। 5 रूपये में दी गई थाली में दाल, सब्जी, चावल और 5 रोटी थी जो की बहुत अच्छा भोजन था। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने भी दीनदयाल रसोई में भोजन करने वाले लोगों से जानकारी ली और दीनदयाल रसोई के किचिन का निरीक्षण करते हुए कहा की किचिन में खाना बनाते समय साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। दीनदयाल रसोई संचालक ने जानकारी देते हुए बताया की यहां निर्धारित भोजन व्यवस्था अनुसार बदल-बदल कर भोजन बनाया व खिलाया जाता है। प्रतिदिन लगभग 100 जरूरतमंद लोग यहां भोजन करने आते हैं।

घर में घुसकर युवक से मारपीट, समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा

सागर, देशबन्धु। राहतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़री में तीन बदमाशों ने घर में घुसकर युवक के साथ मारपीट की। मारपीट में युवक गंभीर घायल हुआ है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को घायल के पिता मानसिंग रजक उम्र 55 साल निवासी मुड़री ने समाज के लोगों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। पिता मानसिंग ने बताया कि 29 अगस्त को बेटा भीकम रजक घर में बैठा था। तभी आरोपी वृंदावन आदिवासी, मथुरे आदिवासी और लवकुश आदिवासी आए और पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे। इससे पहले आरोपियों के खिलाफ 22 अगस्त को भीकम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसको लेकर आरोपियों ने घर में घुसकर भीकम के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट में भीकम गंभीर घायल हुआ है। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। लेकिन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। पिता ने ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान युवा रजक समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत रजक के साथ अन्य समाजजन मौजूद थे।

जोड़ने के साथ, छोड़ने की कला ही वैराग्य का कारण है: मुनिश्री

मकरोनिया, देशबन्धु। संसार की यही रीत है कि जो आया है, वह एक दिन जाएगा। जो जोड़ा है वह एक दिन छोड़ना पड़ेगा। लेकिन समझदार वही हुआ करते हैं जो रोते हुए जन्मते हैं एपरंतु हंसते-हंसते संसार से विदा होते हैं। जिस उत्साह व मेहनत से आदमी जोड़ता है, उसी तरह उसे छोड़ने की कला भी आनी चाहिए, यही वैराग्य भाव है। जो सिर्फ जोड़ते हैं, छोड़ने की कला नहीं जानते वह डूब जाते हैं यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा मन को स्थिर करके उपयोग को स्थिर करो, उपयोग के स्थिर होते ही आप शीघ्र ही आत्म स्वरूप को प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिदिन परिणाम की विशुद्धि बढ़ाओ। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा की एक नारियल ही ऐसा फल है जिसे श्रीफल कहते हैं, इसलिए कहते हैं क्योंकि यह श्री जी की अर्चना, पूजन अष्ट द्रव्य में चढ़ाया जाता है। कलश के ऊपर नारियल को रखने से यह मंगल कलश बन जाता है। नारियल भेद ज्ञान की कला का प्रतीक है। नारियल की जाता की तरह हमें अपने सिर के बालों को उखाड़ना पड़ेगा, फिर ऐसा करने से तीन छिद्रो की तरह रत्नत्रय की प्राप्ति होगी। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि आज रविवार को दोपहर 2 बजे से व्रती श्रावक श्राविकाओं का समागम एवं संगोष्ठी का आयोजन श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में किया जा रहा है जिसमें मकरोनिया क्षेत्र के समस्त प्रतिमा धारी श्रावको का सम्मान होगा एवं विद्वानो, पंडित एवं श्रावकों के द्वारा व्रत का अनुशीलन, व्रत के अतिचार, व्रत पालन, ग्यारह प्रतिमाएं, व्रती श्रावक कैसा हो इन सभी विषयों पर लेखो का पाठन किया जावेगा।

कर्रापुर में चल रहे जुआ फड पर पुलिस का छापा

सागर, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक मकरोनिया केतन अडलक के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर निरी. शिवमंगल सिंह राठौड थाना प्रभारी बहेरिया, शैलेन्द्र सिंह राजावत, धर्मेन्द्र सिंह लोधी, गिरीश त्रिपाठी, सहयोग कुमार, सतेन्द्र, प्रहलाद, हेमंत बहेरिया द्वारा ग्राम कर्रापुर में मरघटयाउ नाला के पास चल रहे जुआ फड़ पर दबिश देकर 6 जुआडियों को घेराबंदी कर पकड़ा जिनमे राजेन्द्र पिता नन्नू अहिरवार उम्र 40 साल निवासी कर्रापुर, तुलसीराम पिता रामलाल अहिरवार उम्र 28 साल निवासी कर्रापुर, राजेश पिता रामचरण अहिरवार उम्र 28 साल निवासी कर्रापुर, मधुर पिता लछमन अहिरवार उम्र 28 साल निवासी कर्रापुर थाना बहेरिया जिला सागर, धर्मेन्द्र पिता मकुन्दी लोधी उम्र 27 साल निवासी परहेड थाना गढ़ाकोटा जिला सागर, प्रहलाद पिता हरीसीग लोधी उम्र 26 साल निवासी परहेड थाना गढ़ाकोटा जिला सागर, जिनसे पास से 9150 रूपये एवं 52 ताश पत्ती जप्त किया गया।

मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड शहर संभाग सागर राजस्व संग्रहण में प्रथम स्थान पर

सागर, देशबन्धु। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड शहर संभाग सागर ने समस्त उपभोक्ताओं को बताया कि शहर संभाग सागर का राजस्व संग्रहण माह अगस्त 23 में संपूर्ण पूर्व क्षेत्र कंपनी में प्रथम स्थान पर उपलब्धि हासिल करी है जिसमें शहर के कुल 95226 में से 65816 उपभोक्ताओं द्वारा बिल राशि जमा की गई जिसका कुल राजस्व संग्रहण 1390.93 लाख रुपए है जो निर्धारित लक्ष्य का 83. 03 प्रतिशत हुआ है। साथ ही शहर के जनप्रतिनिधियों का भी शहर संभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कि उनके आवश्यक सहयोग से ही शहर में राजस्व संग्रहण एवं विद्युत आपूर्ति जैसी दुर्लभ चुनौतियां का निर्वाहन सुचारू रूप से किया जाता है। शहर के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को यह भी सूचना दी कि आगामी 9 सितंबर दिन शनिवार को लोक अदालत है जिसके तहत विद्युत चोरी के प्रकरणों में दंड राशि में प्रीलिटिगश 30 प्रतिशत व लिटिगेशन में 20 प्रतिशत की छूट निर्धारित है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारी से संपर्क कर छूट की राशि का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। समस्त उपभोक्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि उपभोक्ताओं के शिकायत के निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को कार्यालय प्रांगण में एवं आगामी 4 सितंबर से क्षेत्रीय विभिन्न स्थानों में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाना है उपभोक्ता से अपील है कि शिविर में पहुंचे और अपने समस्याओं के निराकरण करवाये।

छुट्टी मना रहे शिक्षक नही खुला स्कूल भवन का ताला

शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही, मासाब नही आए तो वापिस लौटे विधार्थी

गौरझामर, देशबन्धु। सरकार द्वारा भले ही ग्रामीण इलाकों में बेहतर शिक्षा प्रदाय करने के दावे किए जा रहे हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है, ताजा मामला केसली विकासखंड के शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला कुसमी से सामने आया है जहा सभी शिक्षक स्कूल से नदारत मिले और भवन में ताला लटका रहा, शिक्षको की बड़ी लापरवाही का खामियाजा विधार्थी भुगत रहे जो अपने मासाब का इंतजार करते करते मायूसी के साथ वापिस घर लौट गए, शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए स्कूल में शिक्षको की लापरवाही का किस्सा नया नही है, ग्रामीण जिसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं, बच्चो को लौटता देख कांग्रेस प्रदेश सचिव हरिश्चंद्र लोधी बच्चो से जानकारी लेकर स्कूल गए तो ताला लटका मिला, जिस पर उन्होंने आपत्ति दर्ज कराते हुए सवाल उठाये, बड़ा सवाल है इतनी बड़ी लापरवाही की विभागीय अधिकारियों को भनक ना लगे ये बात गले नही उतरती, वही इस संबंध में जब बीआरसी से बात की तो उन्होंने कहा आज अवकाश नही है अगर शिक्षक स्कूल में नही है तो में अभी दिखवाता हूं और जांच करता हूं, बहरहाल यह देखना दिलचस्प होगा लापरवाह शिक्षको पर कोई कार्यवाही होती है या नहीं लेकिन देश के भविष्य कहे जाने वाले बच्चो का भविष्य जरूर पिस रहा है।

इनका कहना है-

अभी जनशिक्षक को भेजकर जांच करवाता हूं लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही होगी।

-राजकुमार अहिरवार, बीआरसी केसली

बच्चे इस देश का भविष्य है परंतु भाजपा नही चाहती कि देश का भविष्य पढ़ा लिखा हो ताकि वो अपने अधिकार ले पाए भाजपा गुलाम बनाने का काम कर रही है, लोकतंत्र को खत्म करने का काम कर रही है।

-हरिश्चंद्र लोधी अमोदा, प्रदेश सचिव कांग्रेस

बैडमिंटन मंत्री ट्राफी संपन्न

मालथौन। मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र के मालथौन में आयोजित बैडमिंटन मंत्री ट्रॉफी का फायनल मुकाबले के साथ समापन हुआ। इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन ट्राफी के समापन कार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह तोमर शामिल हुए, उन्होंने खिलाड़ियों उत्साह वर्धन किया। इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में क्षेत्र स्कूलों के छात्र छात्राओं सहित 222 खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन दिखाया। जिनमे से प्रदर्शन कर ट्राफी के फायनल राउंड में अरविंद सिंह सिसोदिया, प्रियांशी चौरसिया, देव चौरसिया, माही रिछारिया विजेता हुए और ट्राफी के उपविजेता शशांक जैन, नैंसी गुप्ता, सोम परिहार, निशि राय रही। इस आयोजन के प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह परिहार ने जानकारी देते बताया कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह की और से विजेताओं के लिए पुरुस्कार राशि 21000 उपविजेता के लिए राशि 11000 रुपये और ट्रॉफी द्वारा प्रदान की जाएगी।

तिलकगंज वार्ड से 25 भैंसों की डेयरी को विस्थापन स्थल शिफ्ट किया

सागर, देशबन्धु। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत तिलकगंज वार्ड स्थित राजेश यादव की 25 भैंसों की डेयरी को विस्थापन स्थल रतौना नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किया गया। निगमायुक्त ने डेयरी विस्थापन दलों को निर्देश दिए हैं कि जिन-जिन वार्डों में डेरियां शेष रह गई है उनको जल्दी से जल्दी शहर से बाहर शिफ्ट करायें तथा प्रतिदिन डेयरी विस्थापन कार्य के साथ ही पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर में पशुओं के विचरण करते हुए पाए जाने पर पशुओं को जप्तकर जुर्माने की कार्रवाई करें। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित दल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

मतदान सामग्री वितरण, जमा एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के मददेनजर शनिवार को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर मतदान सामग्री के वितरण, जमा एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना की कार्य योजना विस्तार से तैयार कर तीन दिवस में प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए की मतदान सामग्री वितरण हेतु आठ विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग कक्षाओं की व्यवस्था की जाए। जिससे कि सभी मतदान दलों को टेबल, कुर्सी पर बिठाकर मतदान सामग्री प्रदान की जा सके एवं सुरक्षित उनको बस तक पहुंचाने के लिए पार्किंग व्यवस्था भी बनाई जाए, जिससे कि उनको बसों में सुरक्षित रूप से रवाना किया जा सके। इसी प्रकार मतदान सामग्री जमा करने के लिए भी व्यवस्था तैयार की जावे। जिससे कि मतदान दलों की मतदान के पश्चात मतदान सामग्री सुरक्षित स्ट्रांग रूम तक पहुंचाई जा सके। आयोग के द्वारा निर्धारित मतगणना के दौरान अधिकारी कर्मचारी एवं पुलिंग एजेंट प्रत्याशी को मतगणना कक्ष तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग रूट तैयार करें। जिससे सभी को आसानी हो सके एवं तैयार होने के बाद उन पर बड़े-बड़े साइन बोर्ड लगाए, जिससे दूर से ही उनको अपनी कक्षा तक पहुंचने में आसानी हो सके। संपूर्ण इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में अलग-अलग लाउड स्पीकर माइक की व्यवस्था करें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार से इंजीनियरिंग कॉलेज तक चेक पोस्ट तैयार किया जावे। जिससे कि कोई भी बाहर का व्यक्ति इंजीनियरिंग कॉलेज तक नहीं पहुंच सके। विधानसभा निर्वाचन 2023 में संलग्न अधिकारी कर्मचारी की सुरक्षा की दृष्टि से प्रवेश पत्र तैयार किए जाएं जिससे कि उनकी पहचान की जा सके। साथ में प्रत्याशी एवं उनके द्वारा घोषित किए गए पोलिंग एजेंट एवं प्रतिनिधियों को भी प्रवेश पत्र तैयार करने के लिए कार्ययोजना तैयार करें। संपूर्ण मतगणना मतदान सामग्री वितरण व जमा किये जाने वाले स्थल पर सीसीटीवी लगाए जावे एवं कंट्रोल रूम बनाएं। जिसमें 24 घंटे अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी पुलिस अधिकारियों के साथ निर्धारित की जाए। विधानसभा क्षेत्र की मतदान सामग्री के जमा एवं वितरण के लिए लगाए गए अधिकारी-कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित किया जाए। जिससे कि उनकी पहचान आसानी से की जा सके। विधानसभा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ होते ही कॉलेज परिसर में पुलिस गतिविधियां प्रारंभ की जाएगी, जिसके लिए इंजीनियरिंग कॉलेज के अधिकारी कर्मचारी समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।